आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

■ रायपुर, मंगलवार 26 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष- 39 ■ अंक-267 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 27 दिसंबर 2023 ■ मूल्य 1.00 रु.

phone: 0771-2543112

## गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है भारत: मोदी

**नई दिल्ली,26 दिसंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित वीर बाल दिवस कार्यक्रम को संबोधित किया. उनके साथ केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर समेत अन्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक मार्च-पास्ट को भी हरी झंडी दिखाएंगे। कार्यक्रम में जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, ÷मुझे खुशी है कि यह सारा कार्यक्रम अब वैश्विक स्तर पर मनाया जा रहा है। संयुक्त अरब अमीरात, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने इस कार्यक्रम का जश्न मनाना शुरू कर दिया है।÷ उन्होंने आगे कहा, 'जब साहस दिखाने की बात आती है तो उम्र मायने नहीं रखती।'

मोदी ने कहा कि आज देश वीर साहिबजादों के अमर बलिदान को याद कर रहा है, उनसे प्रेरणा ले रहा है। आजादी के अमृतकाल में 'वीर बाल दिवस' के रूप में एक नया अध्याय प्रारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष देश ने पहली बार 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के तौर पर मनाया था। तब पूरे देश में सभी ने भाव विभोर होकर साहिबजादों की वीर गाथाओं को सुना था। वीर बाल दिवस भारतीयता की रक्षा के लिए कुछ भी कर गुजरने के संकल्प का प्रतीक है। ये दिन



हमें याद दिलाता है कि शौर्य की पराकाष्ठा के समय कम आयु मायने नहीं रखती। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'वीर बाल दिवस' अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी मनाया जाने लगा है। ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, UAE और ग्रीस में भी वीर बाल दिवस से जुड़े कार्यक्रम हो रहे हैं। भारत के वीर साहिबजादों को पूरी दुनिया और ज्यादा जानेगी, उनके महान करतूतों से सीखेगी। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी और उनके चारों साहिबजादों का साहस और आदर्श आज भी भारत के लोगों के दिलों में प्रेरणा और ऊर्जा का संचार करते हैं। तो, वीर बाल दिवस उन सच्चे नायकों और उन्हें जन्म देने वाली महान माताओं की बेजोड़ बहादुरी के लिए राष्ट्र की श्रद्धांजलि है! नरेंद्र मोदी ने साफतौर पर कहा कि जब तक हमने अपनी विरासत का सम्मान नहीं किया, दुनिया ने भी हमारी विरासत को भाव नहीं दिया। आज जब हम अपनी विरासत पर गर्व कर रहे हैं, तो दुनिया का भी नजरिया बदला है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आज का भारत 'गुलामी की मानसिकता' से बाहर निकल रहा है। आज के भारत को अपने लोगों पर, अपने सामर्थ्य पर, अपनी प्रेरणाओं पर पूरा पूरा भरोसा है। आज के भारत के लिए साहिबजादों का बलिदान राष्ट्रीय प्रेरणा का विषय है। आज के भारत में भगवान बिरसा मुंडा का बलिदान, गोविंद गुरु का बलिदान पूरे राष्ट्र को प्रेरणा देता है।

## शहादत पर साहबजादों को श्रद्धांजलि मुख्यमंत्री ने गुरुद्वारा में टेका मत्था

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,26दिसंबर।** गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों की शहादत की याद में देश-प्रदेश में वीर बाल दिवस मनाया जा रहा है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तेलीबांधा स्थित गुरुद्वारा में पहुंचकर मत्था टेक प्रदेश की खुशहाली और तरक्की की कामना की. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरु गोविंद सिंह के साहबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि धर्म के लिए उन्होंने बलिदान दिया, जिसके लिए हम उन्हें नमन करते हैं. आज यह बताने की जरूरत नहीं कि हिन्दू धर्म के लिए, भारत देश को आज़ादी दिलाने के लिए सिंख बंधुओं का बड़ा योगदान रहा है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 9 वर्ष और 6 वर्ष की आयु में साहबजादों को मुगल बाबर ने दीवारों में चुनवा दिया. पिछले साल प्रकाश पर्व के दिन इस शहादत को दुनिया देखे, समझे, इसलिए इसे बाल दिवस के रूप में 26 दिसंबर घोषित किया. आज इस अवसर पर पूरे देश में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है. इसके लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित करते हैं.



## भारत में न्याय का एक नया अध्याय होगा प्रारंभ : सीएम

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर,26 दिसंबर।** संसद की शीतकालीन सत्र में हाल ही में पारित हुए तीन संशोधित आपराधिक कानून विधेयकों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को मंजूरी दे दी है. तीनों बिल को मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री का आभार जताया है. सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर लिखा है, भारत की राष्ट्रपति महोदया ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य संहिता को मंजूरी प्रदान की गई है. इससे भारत में न्याय का एक नया अध्याय प्रारंभ होगा. मैं इस ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री का हृदय से धन्यवाद करना चाहूंगा. उनकी दूरदर्शी सोच से आज हमें अंग्रेज़ शासनकाल से चले आ रहे कानूनों के स्थान पर सशक्त संहिताएं प्राप्त हुई हैं जिससे निश्चित ही भारत की न्याय व्यवस्था सुदृढ़ होगी.

20 दिसंबर को भारतीय न्याय संहित, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य विधेयकों को लोकसभा से ध्वनिमत के जरिए पारित कर दिया गया था. इसके बाद तीनों विधेयकों को राज्यसभा में भेजा गया, जहां से उसे 21 दिसंबर को पारित कर दिया गया. राज्यसभा में विधेयकों को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की ओर से पेश किए जान के बाद ध्वनि मत से पारित किया गया था. 25 दिसंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी तीनों बिलों को मंजूरी दे दी है. अब इन बिलों के कानून बनने का रास्ता साफ हो चुका है. ऐसे में अब भारतीय दंड संहिता को भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता से, दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) को भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता से और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) संहिता से बदल जाएगा.

## कांग्रेस में है गुटबाजी भाजपा में नहीं : नेताम

■ तरुण छत्तीसगढ़

रायपुर,26 दिसंबर। मंत्रियों के विभाग बंटवारे में हो रही देरी को लेकर किए गए सवाल को कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम ने पार्टी संस्कृति से जोड़ दिया. उन्होंने कहा कि आपसी गुटबाजी कांग्रेस में तो हो सकती है, लेकिन भाजपा में इस तरह की बात नहीं होती. बीजेपी कार्यकर्ता भाव से काम करती है. पद का दायित्व मिला है, जल्द ही विभाग की घोषणा हो जाएगी. रामविचार नेताम ने कहा कि दूसरे राज्य में भी यही स्थिति है. सबका एक साथ घोषणा होने की संभावना है. वहीं सरगुजा संभाग को मिले प्रतिनिधित्व को लेकर उन्होंने कहा कि सरगुजा संभाग की सभी सीटें जनता ने भाजपा की झोली में डाल दी है. शीर्ष नेतृत्व ने भी सरगुजावासियों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए तीन-तीन कैबिनेट मंत्री के अलावा मुख्यमंत्री का पद दिया है. बता दें कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दो उप मुख्यमंत्रियों अरुण साव और विजय शर्मा के साथ 13 दिसंबर को पद की शपथ ली थी. वहीं 22 दिसंबर को राजभवन में राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने 9



विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंत्रियों के शपथ ग्रहण के चार दिन बाद भी उनके विभागों को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है.

## पीएम फेस की कोई जरूरत नहीं: पवार

**मुंबई,26 दिसंबर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सुप्रीमो शरद पवार ने कहा है कि 1977 के लोकसभा चुनाव के दौरान किसी प्रधानमंत्री पद का चेहरा पेश नहीं किया गया था। पवार की टिप्पणी तब आई जब विपक्षी इंडिया गुट ने अभी तक आगामी 2024 चुनावों के लिए प्रधान मंत्री पद का चेहरा पेश नहीं किया है। हालाँकि, इंडिया समूह के कुछ दलों ने कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे को विपक्षी गठबंधन के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में प्रस्तावित किया है। पवार ने दावा किया कि चुनाव के बाद मोराराजी देसाई को प्रधानमंत्री बनाया गया। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि यदि लोग परिवर्तन के मूड में हैं, तो वे उस परिवर्तन को लाने के लिए निर्णय लेंगे। इस बीच, भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पवार की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा, यहां तक कि कांग्रेस भी दीदी (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) द्वारा आगे बढ़ाए गए खड़गे जी के नाम से खुश नहीं थी। एक्स को संबोधित करते




हुए, पूनावाला ने यह भी कहा, ÷एक बार फिर विभाजन खुले में है। शुक्रवार को, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच बहुत बड़ा अंतर है, और आने वाले लोकसभा चुनावों में लोग फिर से मोदी का समर्थन करेंगे। मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए, पवार ने यह भी कहा कि वह भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ अपने गठबंधन को धोखा नहीं देंगे। इस साल जुलाई में सत्तारूढ़ महायुति (महागठबंधन) में शामिल होने के लिए राकांपा को तोड़ने वाले पवार ने कहा कि वह अपने नए सहयोगियों को धोखा नहीं देंगे, लेकिन न ही वह भाजपा के प्रतीक पर चुनाव लड़ेंगे। आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया था। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने कहा कि सबसे पहले जीतना अहम है और बाकी चीजों पर बाद में फैसला किया जा सकता है। इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका है। गठबंधन के प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार बनाए जाने के प्रस्ताव के बाद खरगे ने कहा, ''मैं वंचितों के लिए काम करता हूं। पहले जीतें, फिर देखेंगे। मैं कुछ भी नहीं चाहता हूं।''

## देश में सड़क हादसों में 12% की बढ़ोतरी

### छत्तीसगढ़ में हाईवे पर 2023 में 4115 हादसे

**नई दिल्ली,26दिसंबर।** देश में सड़क दुर्घटनाओं में 12 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। केंद्र सरकार की ओर से इस संबंध में रिपोर्ट जारी की है। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत में सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। साथ ही इस रिपोर्ट में सड़क हादसों में बढ़ोतरी के कारणों का भी जिक्र किया गया है।

छत्तीसगढ़ पुलिस के आकड़ों के मुताबिक 2023 में हाईवे पर 4115 हादसे हुए हैं। इसमें से नेशनल हाइवे अर्थारिटी आफ इंडिया के आधीन हाइवे पर 2082 हादसों में 982 लोगों ने जान गवाई है। वहीं स्टेट हाइवे पर एक साल में 2033 हादसे हुए हैं, जिनमें 903 लोगों की जानें गई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल यानी 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 1,68,491 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 4,43,366 लोग घायल हुए थे। पिछले वर्ष की तुलना में सड़क दुर्घटनाओं में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मरने वालों की संख्या में 9.4 फीसदी और घायलों की संख्या में 15.3 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सड़क दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण ओवरस्पीडिंग है। इसके अलावा, लापरवाही से गाड़ी चलाने, नशे में गाड़ी चलाने और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण पिछले कुछ वर्षों में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। पोर्ट के मुताबिक, हेलमेट की कमी के कारण बाइक दुर्घटनाओं में 50,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई है। बाइक दुर्घटनाओं में 35,692 लोगों की मौत हुई। जबकि 14,337 लोगों की मौत बिना हेलमेट के बाइक चलाने से हुई। आंकड़ों के मुताबिक, कार दुर्घटनाओं में सीट बेल्ट नहीं पहनने वाले 16,715 लोगों की मौत हो गई। इनमें से 8300 लोग कार चला रहे थे, जबकि 8331 लोग कार से यात्रा कर रहे थे। इस बीच अगर लोगों को ऐसे सड़क हादसों से बचाना है तो उन्हें जागरूक करना होगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों की जान बचाई जा सके। सरकार का मानना है कि ड्राइवरों के लिए विभिन्न शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की जरूरत है।

## चार दिनों से फंसी 'डंकी फ्लाइट' आखिरकार भारत में हुई लैंड

**नई दिल्ली,26 दिसंबर।** फ्रांस की राजधानी पेरिस के पास एक एयरपोर्ट पर मानव तस्करी के आरोप में पिछले चार दिनों से फंसी 'डंकी फ्लाइट' भारत में लैंड कर गई है। संदिग्ध मानव तस्करी के कारण चार दिन पहले फ्रांस में रोके जाने के बाद लगभग 276 भारतीय यात्रियों को लेकर एक रोमानियाई उड़ान मंगलवार तड़के मुंबई में उतरी। फ्रांसीसी अधिकारियों द्वारा विमान को रविवार को अपनी यात्रा फिर से शुरू करने की अनुमति देने के बाद उड़ान मुंबई लौट आई। इसमें 303 यात्री थे, लेकिन उनमें से 27 ने फ्रांस में ही रुकने का फैसला किया। रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस द्वारा संचालित यह विमान सोमवार (स्थानीय समय) दोपहर 2:30 बजे के बाद रवाना हुआ और मंगलवार सुबह लगभग 4 बजे मुंबई पहुंचा। विमान के सोमवार सुबह उड़ान भरने की उम्मीद थी, लेकिन उड़ान में देरी हुई क्योंकि कुछ यात्री कथित तौर पर भारत लौटना नहीं चाहते थे। रिपोर्टों के अनुसार, दो नाबालिगों सहित 27 यात्री फ्रांस में हैं क्योंकि उन्होंने शरण के लिए आवेदन किया था। स्थानीय मीडिया ने बताया कि दो अन्य, जिन्हें न्यायाधीश के सामने लाया गया था, रिहा कर दिया गया है और उन्हें सहायक गवाह का दर्जा दिया गया है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई से 303 यात्रियों को लेकर निकारागुआ जाने वाली चार्टर उड़ान को मानव तस्करी के संदेह में गुरुवार को पेरिस से 150 किमी पूर्व में वैट्री हवाई अड्डे पर रोक दिया गया। यात्रियों में एक 21 महीने का बच्चा और 11 अकेले नाबालिग शामिल थे।



## कभी दीवार तो कभी छत पर पोज देता रहा बाघ

**पीलीभीत,26 दिसंबर।** यूपी के पीलीभीत में अक्सर बाघ बस्ती में घुस जाते हैं और आतंक फैल जाता है। लेकिन सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक ताजा वीडियो में जो कुछ दिख रहा है उससे तो यही लग रहा है कि लोगों के दिलों से बाघ का डर निकल गया है और भीड़ को लेकर बाघ भी सहज नज़र आने लगे हैं। इस वीडियो में एक बाघ छत और दीवार पर घूमकर देर तक पोज देते नज़र आ रहा है। चारों तरफ मौजूद भीड़ लगातार अपने मोबाइल कैमरों के जरिए उसे वीडियो की शक्ल में कैद करने पर आमादा है। लोगों का कहना है कि बाघ करीब छह-सात घंटे तक रिहायशी इलाके में यूं ही घूमता रहा और लोग अलग-अलग



एंगिल से उसका वीडियो बनाते रहे। यह बाघ देर रात पीलीभीत के कलीनगर तहसील क्षेत्र के अटकोना में घुस आया था। लोगों की उस पर नज़र पड़ी तो एकबारगी होश उड़ गए। रात के करीब डेढ़-दो बज रहे थे। बाघ की सूचना जंगल में आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। लोग सतर्क हो गए। इसी बीच किसी ने वन विभाग को भी सूचना दे दी। इसके साथ ही रस्सी, तार और एक तरह के जाल से बाघ जिस एरिया में था उसे सील कर दिया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बाघ दीवार पर आराम फरमाता नज़र आ रहा है। उसके चारों ओर गांववाले इक्ट्ठा हैं। हालांकि दीवार के चारों ओर बाड़ेबंदी भी की गई है। फिर भी बाघ का क्या है। यह साफ दिख रहा है कि वो हमला करना चाहे तो ये बाड़ेबंदी उसकी राह में बहुत बाधक नहीं बनेगी। फिर भी लोग बेधड़क बाघ से डरे बिना चारों तरफ खड़े होकर उसका वीडियो बनाते रहे। करीब छह से सात घंटे बाघ यूं ही दीवार के ऊपर घूमता-टहलता रहा। वह कभी लेट जाता तो कभी इधर-उधर टहलने लगता। सुबह हुई तो मौके पर भीड़ और बढ़ने लगी। तमाम लोग घरों की छतों पर खड़े होकर बाघ का वीडियो बनाते नज़र आए। कुछ पुलिसवाले भी मौके पर मौजूद दिखे। मिली जानकारी के अनुसार वन विभाग की रेस्क्यू टीम बाघ को सुरक्षित पकड़ने में जुटी है। उसे यहां से निकालकर जंगल में छोड़ा जाएगा।

### छत्तीसगढ़ के खेल मद (2018 से 2023 तक) में खर्च बजट अनुसार नहीं किया जाना चिंतनीय

jasclaudius@gmail.com

## खेल बजट में व्यय की गई राशि की जांच जरूरी

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

हमारे प्रदेश में खेलकूद के लिए राज्य व केंद्र सरकार द्वारा बड़ी राशि दी जाती है। छत्तीसगढ़ के खेल मद में पिछले पांच वर्ष में कितनी राशि जारी की गई और उसका उपयोग सही ढंग से हुआ या नहीं इस बात को लेकर खेल प्रेमियों और खेल संघ के पदाधिकारियों के बीच में मतभेद है। जो लोग सत्ताधारी दल से जुड़े रहे वे जारी खेल राशि में किसी तरह की गड़बड़ी से इंकार करते हैं परंतु खेल से जुड़े ऐसे व्यक्तित्व जो प्रदेश में खेल वातावरण बनाने के लिए सच्चाई की सोच रखते हैं उनके मन में खेल व्यय में अफरातफरी की संभावना है। केंद्र में 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सत्ता में आते ही जमीनी स्तर से खेलकूद को लोकप्रिय करने की पहल शुरू हुई। खेलों इंडिया योजना उसी का परिणाम है। केंद्रीय खेल मंत्रालय के लिए 2013 में करीब 700 करोड़ का खेल बजट था परंतु उसे 2023-24 में तीन गुना से अधिक बढ़ाकर 2200 करोड़ किया गया है। इसमें से कुछ राशि विभिन्न राज्यों को भी खेल या फिर शिक्षा विभाग में समग्र शिक्षा के तहत जारी किए गए। 2018 से 2023 तक पिछले पांच वर्षों में छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार रही। इस दौरान जारी की गई खेल राशि में बजट के प्रावधान के अनुसार कितनी राशि खर्च की गई वह जांच का विष्झय है। यह बात सामने आई है कि खेल मद जारी राशि अन्य मद में खर्च किया गया। कुछ खेल के खिलाड़ियों, अधोसंरचना के निर्माण, प्रतियोगिता आयोजन और प्रशिक्षण शिविर में आयोजन में पक्षपात किया गया। बजट के प्रावधान के अनुसार या तो खर्च नहीं किए गए या फिर मनपसंद खेलों या खेल पदाधिकारियों का पहुंच के आधार पर राशि आबंटित की गई। 2022 तथा 2023 में सम्पन्न गुजरात व गोवा के राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित विभिन्न खेल के सदस्यों को जो सुविधा उपलब्ध कराई गई उसके विस्तृत जांच की आवश्यकता है। राष्ट्रीय खेलों में चयनित खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों को प्रावधान के अनुसार सुविधा नहीं दिये जाने से खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर फर्क पड़ा। जिन खेलों में खेल पदाधिकारियों, प्रशिक्षकों ने स्वयं ही प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया उन्होंने या उनके परिजनों ने उधारी लेकर खिलाड़ियों के खान-पान, पोशाक आदि की व्यवस्था की। इस प्रकार की समस्त बातों के लिए अत्यंत आवश्यक है कि व्यय की गंभीरता से पूछ परख की जाए। केंद्र सरकार के समग्र शिक्षा के अंतर्गत प्राप्त राशि के गरियाबंद जिले में व्यापक अनियमितता पाये जाने पर जिलाधीश द्वारा शिक्षा अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही की गई है जो कि स्वागत योग्य है। पूरे भारत में खेलकूद का माहौल बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कोशिश कर रहे हैं तो बाकी राज्यों को भी उनका साथ देना चाहिए। खेलकूद को राजनीति से अलग रखने से उसका विकास संभव है। जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के चयन के प्रयास में पूरे प्रदेश को एक साथ कोशिश करनी चाहिए। छत्तीसगढ़ में न तो खेल प्रतिभाओं की कमी है न ही बजट की, जरूरत है संकल्प की, जुझारूपन के साथ उदयीमान खिलाड़ियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने की। इसका सीधा लाभ छत्तीसगढ़ की लोकप्रियता को बढ़ाने में मदद होगी।

### शुभम राजपूत हत्या मामला

## गैंगस्टर तपन सरकार के घर पुलिस का छापा

### रेड की खबर लगते ही तपन फरार

**दुर्ग,26 दिसंबर।** शुभम राजपूत हत्या मामले में दुर्ग पुलिस ने गैंगस्टर तपन सरकार के घर पर छापा मारा है. एएसपी अभिषेक झा समेत चार थानों के टीआई सहित 25 जवानों की टीम ने मोहन नगर क्षेत्र स्थित तपन के घर पर छापेमार कार्रवाई की. मगर पुलिस के कार्रवाई की भनक लगते ही वह फरार हो गया है. उल्लेखनीय है कि, खुर्सीपार क्षेत्र में इसी साल यानी 2023 में शुभम राजपूत की आरोपी सेवक निषाद ने हत्या कर दी थी. मर्डर केस के बाद आरोपी सेवक निषाद को गिरफ्तार कर लिया गया था. तब से इस केस में जांच की जा रही थी. पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि शुभम राजपूत गैंगस्टर तपन सरकार के लिए वसूली का काम करता था. होली के दिन भी वह आरोपी सेवक से पैसे मांगने गया था. उसके बाद पैसे के लेन-देन को लेकर दोनों में विवाद हुआ, जिसमें सेवक ने कटर से गला रेतकर शुभम की हत्या कर दी थी. इस मर्डर केस में तपन की संलिप्तता के कारण पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है. बता दें कि, गैंगस्टर तपन साल 2005 में महादेव महार हत्याकांड के मामले में 17 साल जेल में बंद रहा. एक साल पहले ही वह रिहा हुआ और फिर से शराब और जमीन के काम में सक्रिय हुआ था.



## संक्षेप

### पचपेड़ी नाका में गले से चेन छीनकर भागा चोर

**रायपुर,26 दिसंबर।** राजधानी से एक खबर सामने आ रही है जहां ई रिक्शा से जा रही वृध्द महिला के गले से सोने का चेन ले भागे। जानकारी के अनुसार भिलाई के वार्ड-11 इंदिरा पारा जैन मंदिर के पास रहने वाली अमृत बाई जैन (77) को घर लौटने भाठागांव बस स्टैंड जा रही थी। वह सत्ती मंदिर के पास ई रिक्शा में सवार हुई थी। पचपेड़ी नाका ओवर ब्रिज के नीचे पहुंचते ही कोई अज्ञात स्नैचर वृद्धा के गले से चेन छीनकर भाग निकला। महिला ने कल शाम रायपुर कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। चेन की कीमत 50 हजार रूपए बताई गई है

### सराईपाली नगर पालिका पर कमल का कब्जा

**महासमुंद,26दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की कुर्सी उखड़ने के बाद ॿॿकका प्रदेश के सभी निकायों में शहरी विकास की ओर अग्रसर कांग्रेस का सत्ता साफ होते नजर आ रहा है। बतादें, नगरीय निकायों की सत्ता में काबिज होने की कोशिश में जुटी सत्ताधारी ॿॿक को पहली कामयाबी हासिल हुई है। महासमुंद जिले के सराईपाली नगरपालिका में अध्यक्ष के खिलाफ लाये गए अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग हुई और कांग्रेस के अध्यक्ष को कुर्सी छोड़नी पड़ी। भाजपा के तीन पार्षदों ने पिछले दिनों जिला कलेक्टर को अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव लाने का आवेदन किया था जिसके बाद यहाँ पार्षदों के बीच वोटिंग कराई गई थी। इस जीत के बाद ॿॿक खेमे में जश्न का माहौल है। शहर में जगह जगह आतिशबाजी की जा रही है। रिटर्निंग ऑफिसर दुर्गेश वर्मा (अपर कलेक्टर) ने बताया कि सरायपाली नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल (कांग्रेस पार्टी) के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव आज सर्वसम्मति से पास हो गया है। इस प्रस्ताव के पक्ष में 12 वोट पड़े तथा विपक्ष में 3 वोट पड़े जिससे अविश्वास प्रस्ताव पास हुआ है। अब नगरपालिका के अध्यक्ष का पद रिक्त माना जाएगा।

### बिलासपुर-रायपुर हाईवे पर 5 वाहन एक दूसरे से टकराए

**बिलासपुर,26दिसंबर।** बिलासपुर रायपुर नेशनल हाईवे में सरगांव के पास दो दुर्घटनाओं में पांच ट्रकें एक दूसरे से टकरा गईं। सभी गाडियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। बिलासपुर रायपुर में इस समय न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक नीचे चला गया। इस दौरान नेशनल हाईवे पर सुबह 8 बजे तक घना कोहरा छाया रहा। इस दौरान दोनों दिशाओं की गाडियां काफी धीमी रफ्तार से चल रही थी। कुछ स्थानों पर दृश्यता 5 फीट से भी कम रही। इस बीच कुछ भारी वाहन चालकों ने लापरवाही से गाड़ी चलाई। सुबह 6 बजे सरगांव के पास खपरी ग्राम के सामने एक के बाद एक ट्रक के पीछे दो ट्रक आकर भिड़ गए।तीनों गाडियों के एक दूसरे से भिडने के बाद रास्ता जाम हो गया। इससे वहां गाडियों की कतार लग गई। इसी जगह पर पीछे से एक ट्रक ने फिर सामने रुके ट्रेलर को टक्कर मार दी। पीछे से आकर टक्कर मारने वाले सभी तीन ट्रकों का सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और शीशे भी टूट गए। हालांकि कोई भी हताहत नहीं हुआ, क्योंकि ये वाहन औसत से कम रफ्तार में थे। ये ट्रक यदि सामने चल रही कार, जीपों से टकराते तो गंभीर हादसा हो सकता था।

### लद्दाख में 4.5 तीव्रता का भूकंप

**श्रीनगर ,26 दिसंबर ।** लद्दाख क्षेत्र में मंगलवार को रिक्टर स्केल पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया।

नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के आंकड़ों में कहा गया है कि सुबह करीब 4.33 बजे रिक्टर स्केल पर 4.5 तीव्रता का भूकंप आया। अभी तक कहीं से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है।भूकंप का केंद्र जमीन से 5 किलोमीटर अंदर था।

## एक नजर

### अटल की एक-एक बात सच साबित हो रही है:बंछोर



**जामुल।** भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। जामुल के 24 बूथों में अटल बिहारी बाजपेयी के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर जयंती मनाई गई। पूर्व पालिकाध्यक्ष व जिला उपाध्यक्ष बंछोर ने वार्ड 3 में अटल को याद करते हुए कहा कि एक समय था जब देश आजादी के बाद भी कुशासन के गिरफ्त में जकड़ चुका था तब अटल ने भाजपा की नींव रखते हुए भारत वर्ष को वचन दिया था अंधेरा छटेगा, सुशासन की नई किरण बहुत ही जल्द फैलेगी और फिर से एक आशा की किरण पूरे भारत मे चमकेगी, आज ये बात सच हो रही है। बंछोर ने कहा कि आज हमे छत्तीसगढ़ राज्य मिला ये भी अटल का आशीर्वाद था। महामंत्री प्रशांत बंटी गुप्ता ने अटल जी अमर रहे का नारे देते हुए कहा कि अटल जी का पूरा जीवन देश के सेवा में समर्पित रहा, इन्होंने जल संरक्षण के लिए सभी नदियों को आपस मे जोड़ने का कार्य किया साथ ही हर गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से मंडल अध्यक्ष जोगेश्वर सोनी, महामन्त्री नूतन वर्मा, जिलाउपाध्यक्ष युवामोर्चा जितेंद्र साहू, जिला मंत्री अनु जाती बीआर रामटेके, मंडल उपाध्यक्ष दीपक सिंह, मंडल मंत्री, संजय यादव, मिनेश ताम्रकार, महामन्त्री युवामोर्चा डोमेन्द्र विक्की बंछोर, बूथ अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, बुथ अध्यक्ष ऋषभ बंछोर, बूथ अध्यक्ष किशन गर्ग, व्यपारी संघ अध्यक्ष अँजेश अग्रवाल, व्यपारी संघ उपाध्यक्ष अनिल प्रसाद, किसान नेता रामचंद्र साहू, ओबीसी अध्यक्ष अजय निर्मल, ब्राम्हण समाज के संरक्षक देवदत्त शर्मा, अश्वनी पांडे, कुलेश्वर वर्मा, जगदीश देवांगन, केशव कौशिक, प्रह्लाद जंघेल, महिपाल ठाकुर, शेषु निषाद, धनेश्वर गौतम, आदि उपस्तिथ रहे ।कार्यक्रम को सम्बोधित महामन्त्री नूतन वर्मा और आभार महामन्त्री प्रशांत बंटी गुप्ता ने किया।

### श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन



**उतई, 26 दिसंबर।** ग्राम मातरोडीह में बाड़ाबाघ परिवार द्वारा अपने दिवंगत परिजनों की स्मृति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 23 दिसंबर से किया जा रहा है । कथा वाचिका सुश्री किशोरी कंचन ग्राम ढौर, जामुल कथा वाचिका द्वारा ,बहुत ही अच्छे रोचक ढंग से जीवनोपयोगी कथा का रसपान सभी भक्तों को करवा रहे है, इस कथा में आस-पास के ग्रामीण बड़ी संख्या में पंहुच रहे है। कथा का समय दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक रखा गया है, इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चेतन साहू, रघुनंदन साहू, कृपा राम साहू, श्याम लाल साहू, रामलाल साहू, दाऊ लाल साहू, मूलचंद साहू, खुमान साहू, पवन साहू, टेश कुमार साहू, रोहित साहू के परिवार द्वारा सहयोग किया जा रहा है तथा अंतिम दिवस में स्व.श्रीमती रूखमनी साहू की स्मृति में पुत्र संजू साहू एवं परिवार द्वारा महा भंडारा का आयोजन रखा गया है।

### ठगड़ा बांध,माधो वाटिका पिकनिक स्पॉट स्थापित चंद्रयान मॉडल का शुभारंभ कर नागरिको को किया समर्पित

**दुर्ग, 25 दिसम्बर।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत माधो वाटिका (ठगडा बाध )मे नवनिर्मित चंद्रयान-3 चलित मॉडल को प्रदर्शन हेतु शहर के आम नागरिक को समर्पित किया गया। यह कार्यक्रम शहर महापौर धीरज बाकलीवाल,आयुक्त लोकेश चंद्राकर,पार्षद प्रकाश जोशी के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न किया गया। पिकनिक स्पॉट में स्थापित चंद्रयान-3 का लाइव मॉडल स्कूली बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी चंद्रयान के प्रक्षेपण की जानकारी प्रदान करेगा। उनकी जिज्ञासाओं को दूर करेगा इससे विज्ञान के बारीकी पहलुओं को बच्चों को समझने में आसानी होगी। साथी माधव वाटिका पिकनिक स्पॉट में वोटिंग चौपाटी विभिन्न खेल एवं झूले के साथ ही साथ चंद्रयान-3 लाइव मॉडल का भी अब लुत्फ उठा सकेंगे ।माधो वाटिका पिकनिक स्पॉट कामहापौर धीरज बाकलीवाल ने मौजूद ठेकेदार को माधो वाटिका पिकनिक स्पॉट की सभी व्यवस्थाओं को और भी बेहतर रखने को कहा है ।उन्होंने कहा कि वाटिका में आने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

### निधन:रामकृष्ण साहू



**उतई।** सेवा सहकारी समिति उतई के सम्मानित पूर्व अध्यक्ष, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं साहू समाज के प्रतिष्ठित समाजसेवी खोपली निवासी श्री रामकृष्ण साहूजी का देहांत सोमवार शाम करीब 5ः00 बजे बी.एम.शाह अस्पताल भिलाई में हृदयाघात के कारण हो गया है , मृत देह की अंत्येष्टि गृह ग्राम खोपली में दिनांक 26/12/202× को किया जाएगा ।श्री साहूजी की असामयिक निधन से परिवार, ग्राम एवं उतई क्षेत्र में शोक की लहर है । ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे । वे वरुण साहू,रोहित साहू ,नीलमणि साहू के पिता एवं योगेश साहू के दादा थे।

# किसानों का हित ही भाजपा सरकार की पहली प्राथमिकता:भावना बोहरा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,26 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती और सुशासन दिवस के अवसर पर प्रदेश के 12 लाख किसानों के खाते में 3716 करोड़ रुपये दो वर्ष का बकाया धान बोनस ट्रांसफर किया, इसी के साथ भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किये अपने एक प्रमुख वादे को पूरा किया। इसी कड़ी में आज पंडरिया में आयोजित सुशासन दिवस कार्यक्रम में विधायक भावना बोहरा ने भी लाभान्वित किसानों को प्रशस्ति पत्र भेंट किया और उन्हें बधाई दी।इस दौरान भावना बोहरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्व.अटल जी ने छत्तीसगढ़ को पृथक राज्य का दर्जा देते हुए इसके विकास की नींव रखी वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने अटल जी के सपनों को पूरा करते हुए आज छत्तीसगढ़ के विकास रथ को आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहें हैं। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से मोदी जी की गारंटी में वादा किया था कि वह 2 साल का बकाया बोनस सुशासन दिवस के अवसर पर जनता को देंगे वह वादा आज पूरा किया है। भाजपा सरकार अटल बिहारी वाजपेयी जी के सुशासन एवं नागरिक प्रथम के लक्ष्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सबका साथ सबका विकास के उद्देश्य के साथ कार्य करने वाली पार्टी है। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जी भी वादें किये हैं चाहे वह महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को रोजगार, बेटियों को प्रोत्साहन या हर वर्ग का विकास हो आने वाले समय मे हर वह सभी गारंटी पूरी होगी।आज प्रदेश के 12 लाख किसानों के खाते में मुख्यमंत्री जी ने 3,716 करोड़ रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर किये हैं। यह राशि उन किसानों का अधिकार था जिसे पूर्व की कांग्रेस सरकार ने रोक कर रखा था। आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनते ही प्रदेश में विकास की गति और जनता की महत्वाकांक्षा भी दुगुनी रफ्तार से पूरी होगी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने 130 लाख मीट्रिक टन धान खरीदने का लक्ष्य रखा है इसके साथ ही 21 क्विंटल धान प्रति एकड़ के मान से क्रय करने का निर्णय भी भाजपा सरकार द्वारा लिया गया है जिससे प्रदेश के हमारे किसान भाई बहन आर्थिक रूप से सक्षम बनेंगे और उनकी आय भी बढ़ेगी। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार जनता की सरकार है जो जनता से किया गया हर वादा पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे पंडरिया विधानसभा के भी कई किसान भाई बहन आज इससे लाभान्वित हुए हैं, उनके चेहरों पर आई मुस्कान देखकर आज बहुत ही प्रसन्नता हुई है और आने वाले समय मे छत्तीसगढ़ के हर व्यक्ति के चेहरे पर यह मुस्कान दिखती रहेगी।छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी ने पहली कैबिनेट बैठक में किसानों का बकाया बोनस वापस करने के बिल पे हस्ताक्षर किया था और आज माननीय मुख्यमंत्री जी ने उस गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के 12 लाख किसानों के खाते में 3716 करोड़ से अधिक की राशि उनके खाते में ट्रांसफर कर दी। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार घोषणा पत्र में किये वादों को पूरा करने के लिए जमीनी स्तर पर जुट चुकी है। राज्य के 18 लाख से अधिक परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति और किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की 3100 रुपए में खरीदी के वादे पर प्रदेश सरकार ने अमल करना शुरू कर दिया है और जल्द ही हमारी सरकार हमारे घोषणा पत्र में किए गए हर वादों को पूरा कर देगी।

इसके साथ ही पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पिछली कांग्रेस सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था दो वर्ष के बकाया बोनस देने का लेकिन शराबबंदी, कर्ज माफी जैसे अनेकों झूठे वादों की तरह यह वादा भी खोखला निकला लेकिन भाजपा सरकार हमेशा ही किसानों के हित के लिए कार्य करने वाली सरकार है।कांग्रेस सरकार ने केवल किसानों के नाम पर राजनीति की है उसी का प्रमाण है कि चुनाव में प्रदेश की जनता और किसानों ने उन्हें नकार दिया।

# जिले के 86,363 किसानों के खाते में 119.23 करोड़ रुपए हस्तांतरित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,26 दिसंबर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती के अवसर पर प्रदेश सहित कवर्धा के पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा अभनपुर के ग्राम बेन्द्री स्थित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वचुअर्ल जुड़े। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुशासन दिवस पर किसानों से किए वादे को पूरा करते हुए 2014-15 एवं 2015-16 का बकाया बोनस राशि प्रदेश के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ रुपए के धान का बकाया बोनस राशि का वितरण किया। इसी प्रकार कबीरधाम जिले के 86 हजार 363 किसानों के बैंक खाते में 119 करोड़ 23 लाख 07 हजार रूपए हस्तांतरित की। कवर्धा में कार्यक्रम की शुरूआत मंचस्थ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर की गई।मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने संबोधित करते हुए कहा कि आज का ये दिन बड़ा ऐतिहासिक दिन है। 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म दिवस सुशासन दिवस की आप सभी को बधाई। छत्तीसगढ़ के किसानों से हमने वादा किया था कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 2 साल का बकाया बोनस हम किसानों को देंगे। मुझे बहुत खुशी हो रही है यह बताने में कि आज हमने छत्तीसगढ़ के 12 लाख से ज्यादा किसानों को 37 सौ 16 करोड़ रुपए हमने ट्रांसफर कर दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस भी बैंक में किसानों का खाता है, उन सभी को पैसा पहुंच गया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि किसान आज काफी खुश हैं। राज्य के किसानों का विश्वास छत्तीसगढ़ की सरकार और मोदी जी पर बढ़ा है। हमने सरकार बनते ही गरीबों को 18 लाख आवास देने का निर्णय लिया। कई लोगों ने घर के लिए कर्ज लिया, कई अपना घर बना ही नहीं पाए उनके लिए आवास स्वीकृत किया गया। मोदी जी की गारंटी हम पूरी तरह से निभाएंगे। गरीब भूमिहीन मजदूरों को 10 हजार रुपए सालाना भी देंगे। पारदर्शिता के साथ 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती करेंगे। हमारा वादा है हम 5500 मानक बोरा के हिसाब से तेंदूपत्ता खरीदेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विवाहित महिलाओं के लिए महतारी वंदन योजना के अंतर्गत हर माह 1000 रूपए देने का प्रावधान भी हमने अनुपूरक बजट में कर दिया है। अब माताओं बहनों के खाते में साल में 12000 रूपए जाएगा। जनता से किए वादे, मोदी की गारंटी को मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में पूरा करेंगे...उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के कविता से अपने उद्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्मदिवस को छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन की शुरूआत आज मोदी जी की गारंटी को पूरा करते हुए हो रही है। उन्होंने कहा कि छत्तसीगढ़ में मोदी जी के गारंटी जो हमने जनता से वादा किया है, उन सभी वादो पूरा करने मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि सरकार की पहली कैबिनेट में हमारी सरकार ने राज्य में 18 लाख गरीबो को आवास देने का निर्णय लिया। कई लोगों ने घर के लिए कर्ज लिया, कई अपना घर बना ही नहीं पाए उनके लिए आवास स्वीकृत किया गया। इसी तरह जनता से किए गए सभी गारंटी को क्रमबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। कवर्धा के पीजी कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित सुशासन दिवस पर पूर्व संसदीय सचिव श्री मोतिराम चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्रणी दिनेश चंद्रवंशी, जिला बीजेपी उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा , विरेन्द्र साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अनिल ठाकुर, श्रीमती देवकुमारी चंद्रवंशी, श्री कैलाश चंद्रवंशी, ईश्वरी साहू, नितेश अग्रवाल, , किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष भुनेश्वर चंद्राकर, जनपद उपाध्यक्ष वीरेंद्र साहू , उमंग पाण्डेय ने सुशासन दिवस पर संबोधित किया। इस अवसर पर कलेक्टर जनमेजय महोबे, पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, डीएफओ चूड़ामणि सिंह, जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल सहित चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पीयूष ठाकुर, मनिराम साहू, श्री सुरेश दुबे जनप्रतिनिधि, किसान उपस्थित थे।

### लंबित प्रकरणो निपटाए जा रहे

**भिलाई, 26 दिसंबर।** भिलाई दिसंबर माह में तेजी से लंबित प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है मात्र 8 दिनों में 560 से अधिक लंबित प्रकरणों को न्यायालय में चालान पेश किया गया वहीं 85 प्रकरणों में साक्ष्य का अभाव एवं घटना के साक्ष्य न पाये जाने पर खात्मा किया गया शहर एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि जिले में लंबित अपराधों एवं चालानों की समीक्षा किये जाने एवं वर्ष समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण एवं लंबित चालान न्यायालय पेश किये जाने के लिए सख्त हिदायत दी गई इसी कड़ी में माह दिसम्बर में 12 दिसंबर से 20 दिसंबर तक 560 से अधिक लबित प्रकरणों का चालान न्यायालय में पेश किया जा चुका है इसी प्रकार लगभग 85 प्रकरणों की विवेचना उपरांत चालान योग्य साक्ष्य प्राप्त न होने एवं घटना के साक्ष्य न पाये जाने पर खात्मा किया गया है लगभग 360 प्रकरणों की विवेचना पूर्ण कर चालान तैयार किया गया है।

# गुरु घासीदास क जयंती धूमधाम से मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,26 दिसंबर।** शासकीय पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक बालिका छात्रावास कवर्धा में संत शिरोमणि बाबा गुरुघासीदास जी की 267 वीं जयंती समारोह बड़े हर्ष उल्लासपूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया । उक्त समरोह में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट मुख्य अतिथि की आसंदी से उपस्थित हुए । विशिष्ट अतिथि के रुप मे श्रीमती सीमा अनंत पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, रामप्रसाद मिरी जिला अध्यक्ष सतनामी समाज, पंचराम कोसले जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, भरत बर्मन समाज सेवी डॉ सूर्यकांत भारती, डॉ जयंती भारती, श्री दुर्गा प्रसाद धृतलहरे, अनिल काठले अधिवक्ता, रूपचंद अहिलेश्वर, वीरेंद्र जांगड़े उपस्थित रहे । उक्त कार्यक्रम में छात्रावासी बालक बालिकाओं ने बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन पर आधारित निबंध चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता अपनी कला का प्रदर्शन किया इसके साथ ही छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग आकर्षक पंथी नृत्य प्रस्तुत किया गया जो अत्यंत सराहनीय रहा । उक्त अवसर पर मुख्य अतिथि रामकुमार भट्ट ने छात्र छात्राओं को संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी की जीवनी से रूबरू कराते हुए कहा कि बाबा जी का जन्म उस समय हुआ जब समाज छुआ छूत और ऊँचनीच जाति भेदभाव जैसी समस्याओं से घिरी हुई थी उन्होंने इन कुप्रथाओं को दूर किया और समानता व भाईचारे को बढ़ावा देकर समाज को नई दिशा प्रदान की ।बाबा जी ने अपने जीवन काल में सत्यता को बढ़ावा दिया और लोगों को सात्विक जीवन जीने की प्रेरणा दी ।भट्ट जी ने आगे कहा कि यदि हम संतों के जीवन के आदर्शो को अपने जीवन में उतारकर आगे बढ़े तो निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे ।उक्त अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने भी सभा को संबोधित कर बाबा गुरु घासीदास जी के जीवन पर प्रकाश डाले ।उक्त कार्यक्रम में विभिन्न छात्रावास के अधीक्षक गण व बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया ।

## केबल चोरी करते युवक को पकड़ा



**भिलाई, 26 अक्टूबर।** भिलाई फर्जी गेट पास दिखाकर भिलाई इस्पात संयंत्र में घुसकर वहां से कापर केबल के स्क्रैप चोरी करने वाले ए क शातिर को सीआइएसएफ ने 5 पकड़कर भट्ठी पुलिस के हवाले किया है आरोपित एक कार लेकर प्लांट में घुसा था उसने कार किी पिछली सीट के नीचे एक गुप्त बाक्स बनाया हुआ था जिसमें कापर केबल का स्क्रैप छिपाकर निकल रहा था प्लांट से निकलते समय मेन गेट पर कार की तलाशी लेने पर उसमें से चोरी का केबल बरामद किया गया इसके बाद सीआइएसएफ ने मामले को भट्ठी पुलिस के हवाले किया भट्ठी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ चोरी कूटरचना धोखाधड़ी और राज्य सुरक्षा अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई कर जेल भेजा है मिनी माता नगर नेवई निवासी आरोपित संजय कुमार राठी (59) को चोरी करते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है भट्ठी टीआई विपिन रंगारी ने बताया कि आरोपित को रविवार को मेन गेट पर पकड़ा गया वह एक कार क्रमांक सीजी-07 सीएन 3846 लेकर बाहर निकल रहा था मेन गेट पर उसकी तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट के नीचे एक बाक्स बना मिला जिसमें कापर केबल का स्क्रैप भरा हुआ था। आरोपित ने पूछताछ में अपना नाम संजय कुमार राठी बताया और उसने अपना गेट पास भी दिखाया जिसमें फोटो तो उसकी लगी थी लेकिन नाम के स्थान पर शिव कुमार वर्मा लिखा था वहीं जो कार जब्त की गई वह जोरातराई निवासी लक्ष्मी तांडी के नाम पर पंजीकृत थी आरोपित संजय कुमार राठी ने सीआइएसएफ के जवानों को बताया कि उसने लक्ष्मी तांडी के साथ मिलकर ये योजना बनाई थी। लक्ष्मी ने उसे फर्जी गेट पास बनाकर और चोरी के लिए अपनी कार भी दी थी चोरी के माल को लेकर वह लक्ष्मी तांडी के पास ही जाने वाला था और उसके साथ मिलकर उसे बेचकर खपा देता इसके बाद सीआइएसएफ के जवानों ने पुलिस को इसकी जानकारी दी जिसके आधार पर भट्ठी पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई कर उसे जेल भेजा है ।

# हैं तैयार हम रैली के लिए विधायक देवेंद्र बने क्रियान्वयन कमेटी के सदस्य



**भिलाई, 26 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण होने और 139 वां स्थापना दिवस के अवसर हैं तैयार हम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 28 दिसम्बर को नागपुर में यह राष्ट्रीय रैली कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें छत्तीसगढ़ की अहम भागीदारी और भूमिका रहेगी। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी का विगत दिनों राजधानी रायपुर में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णयानुसार कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं आवश्यक समन्वय को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने बैठक आयोजित की। बैठक में प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है। जिसमे डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री को समन्वयक बनाया गया है। मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री समन्वयक, मलकीत सिंह गैदू, प्रभारी महामंत्री सदस्य, गुरुमुख सिंह होरा, उपाध्यक्ष सदस्य, अरुण सिंघानिया, उपाध्यक्ष को सदस्य बनाया गया है। गिरीश देवांगन, पूर्व उपाध्यक्ष को सदस्य, सुबोध हस्तिवाल, महामंत्री को सदस्य, देवेन्द्र यादव, विधायक को भी सदस्य बनाया गया है। नवाज खान, पूर्व जिला अध्यक्ष को सदस्य बनाया गया है। बैठक में जिम्मेदारी देने के साथ ही कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर नागपुर में आयोजित इस राष्ट्रीय रैली में प्रदेश से बड़ी संख्या में कांग्रेसजनों जी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने और दिशा में आवश्यक कार्यवाही करेंगे।

## भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में थे अजातशत्रु:सरोज पांडेय



**भिलाई, 26 दिसम्बर।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को सुशासन दिवस मनाये जाने की कड़ी में राज्यसभा सांसद डॉ.सरोज पांडेय ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। राज्यसभा सांसद ने पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित की। अटल बिहारी की 99वीं जयंती पर स्वच्छता अभियान के तहत राज्यसभा सांसद डॉ.सरोज पांडेय सहित आयुक्त, पार्षदों एवं नागरिकों के साथ झाड़ू लगाई। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न माननीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा स्थापित सुशासन के उच्चतम मापदंडों के महत्व को प्रतिपादित करते हुए नाना-नानी दादा-दादी पार्क के समीप राज्यसभा सांसद सुश्री डॉ. सरोज पांडेय ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर, नेता प्रतिपक्ष अजय वर्मा, पूर्व महापौर चंद्रिका चन्द्राकर, देव नारायण चन्द्राकर, नरेंद्र बंजारे, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, भवन अधिकारी गिरिश दीवान, जावेद अली, दुर्गेश गुप्ता, पार्षदगण सहित अधिकारी-कर्मचारियों व अन्य जनप्रतिनिधियों को शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने राज्य सभा सांसद ने सफाई कर्मियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका अभिवादन किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद सुश्री पांडेय ने कहा कि भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी राजनीति में अजातशत्रु थे। उन्होंने देश में सुशासन की परिभाषा दी थी। आज पूरा देश उस परिभाषा का अनुशरण कर रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर स्वच्छता अभियान शुरू किया गया। प्रत्येक नागरिक की भी जिम्मेदारी है कि वे अपने घर के आस पास, गली मोहल्ले एवं शहर को साफ रखें और लोगों को भी स्वच्छता अभियान से जोडे, तभी हमारा शहर स्वच्छ, साफ एवं सुंदर होगा। आदमी की पहचान उसके धन या आसन से नही होती, उसके मन से होती है, मन की फकीरी पर, कुबेर की सम्पदा भी रोती है, टूट सकते है, मगर हम झुक नही सकते, उनकी इस कविता का वाचन इस अवसर पर किया गया। इस अवसर पर उषा टावरी, चंद्रशेखर चन्द्राकर, राकेश सेन हेमा शर्मा, मनीष साहू, खिलावन मटियारा, अनिल सिंह सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## निगम अधिकारी-कर्मचारी तालमेल बिठाकर करें काम



**रिसाली।** दुर्ग ग्रामीण व रिसाली की जनता मेरे लिए भगवान की तरह है। मैं एक सेवक हूँ और सेवक अपने भगवान को नाराज नहीं कर सकता। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने उक्त बातें सुशासन दिवस पर कही। वे विधायक निर्वाचित होने के बाद पहली बार नगर पालिक निगम रिसाली पहुंचे थे। चंद्राकर का स्वागत निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने किया। दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी पर आयोजित काव्यंजली एवं संगोष्ठी में दुर्ग ग्रामीण विधायक ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्व प्रधानमंत्री के जयंती अवसर पर ही किसानों को उनका अधिकार बोनस सीधे खाता में ट्रांसफर किया है। हमारी सरकार संकल्प पत्र के बिंदुओं के आधार पर काम करेगी। कैबिनेट में किसानों से 21 क्विंटल धान की खरीदी करने का निर्णय ले चुकी है। साथ ही महतारी वंदन योजना की तहत जल्द ही महिलाओं के खाते मं एक हजार रूपए डाला जाएगा। विधायक ने दिवंगत प्रधानमंत्री को याद करते हुए पृथक राज्य छत्तीसगढ़ को सौगात बताया। उन्होंने अटल जी की विचार धाराओं को आत्मसात करने की बात कही। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर जिला अध्यक्ष बृजेश बिचपुरिया, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, ने संगोष्ठी में विचार रखे। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, पार्षद माया यादव, मनीष यादव, विधि यादव, धर्मेन्द्र भगत, विलास बोरकर विशेष रूप से उपस्थित थे। सुशासन दिवस पर नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलेगा।

## एक नजर

### गांव -गांव में शिविर लगाकर मरीजों को पहुंचा रहे हैं राहत: डॉ कैलाश चन्द्राकर



**अंवरी 26 दिसंबर।** नगर पंचायत भखार भठेली में करीब 20 वर्षो से सेवा प्रदान कर रहे डॉ कैलाश चंद्राकर ने कई दिनों से गांव गांव में फिजियो थेरेपी का शिविर लगाकर मरीजों को राहत पहुंचाने के कारण सुर्खियों में है। जिनके इलाज से संतुष्ट मरीजों ने बताया कि डॉक्टर कैलाश चंद्राकर द्वारा भखारा के आसपास के गांव गुजरा डोमा सिहाद कोलियरी मैं शिविर लगाकर मरीजों का इलाज किया गया है। डॉक्टर कैलाश चंद्राकर के द्वारा शिविर में वात रोग गठिया कंधों व हड्डियों अकांत वात जोडो कमर हाथ पैर साय टिका लकवा सुन्नपन अकड़न जलन एवं झुनझुनाहट सिर दर्द का इलाज किया जाता है। शिविर का सभी वर्ग के लोग लाभ उठा रहे हैं। चर्चा के दौरान डा.कैलाश चंद्राकर ने बताया निशुल्क फिजियोथैरेपी नगर पंचायत भठेली वार्ड नंबर 11 में प्रतिदिन 30 लोगों का पंजीयन होगा ।

### 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ का चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में होगा मंगल प्रवेश



**डोंगरगढ़ 26 दिसंबर।** संत शिरोमणि 108 आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ का चंद्रगिरी डोंगरगढ़ में होगा भव्य मंगल प्रवेश।श्री दिगम्बर जैन चंद्रगिरी ट्रस्ट के अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ने बताया की आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की विशेष कृपा एवं आशीर्वाद से अतिशय तीर्थ क्षेत्र चंद्रगिरी मंदिर निर्माण का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। आचार्य श्री विद्यासागर महाराज ससंघ कि भव्य अगुवानी हेतु सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है और आचार्य श्री ससंघ मुरमुंदा रोड से चंद्रगिरी लगभग दोपहर 3 बजे आयेंगे। प्रतिभास्थली कि ब्रह्मचारिणी दीदी, बच्चे एवं हथकरघा के सभी कर्मचारी, चंद्रगिरी गौशाला के पदाधिकारी एवं जैन समाज डोंगरगढ़ के नवयुवक, महिला मंडल, बाल मंडल में भी अगुवानी को लेकर काफी उत्साह और हर्ष का माहोल है। उक्त जानकारी चंद्रगिरी के ट्रस्टी निशांत जैन (निशु) ने दी है ।

### आईएसईआई ने किया उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन




**रायपुर 26 दिसंबर।** इंस्टीट्यूशन ऑफ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) द्वारा आईएसईआई उत्कृष्टता पुरस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रज्जू कुमार, डिप्टी चीफ इंस्पेक्टर ऑफ फैक्ट्री अश्वनी कुमार पटेल, सहायक निदेशक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा छत्तीसगढ़ सरकार, डा. एस. के. हलदर पूर्व उप महानिदेशक फैक्टरी सलाह सेवा एवं श्रम संस्थान भारत सरकार, डॉ आनंद वर्मा मौजुद थे। संस्था के चेयरमैन डॉ. एस. रामपुरी, निदेशक डॉ. एम. एस. नवाज, तमन्ना अफरोज, निधि दुबे भी मौजूद थे। इंस्टीटूशन ऑफ़ सेफ्टी इंजीनियर्स (इंडिया) एक गैर लाभकारी संस्था हैं जो जेड. जे. ई. डब्लू, ट्रस्ट के अधीन चलता था और अब भारत सरकर से पंजीकृत है। यह संस्था दुर्घटना को रोकने, पर्यावरण को सुरक्षित रखने तथा आपदा के दौरान होने वाले नुकसान को कम करने के लिए काम करता है। इसके अलावा जरुरतमन्दो और गरीब छात्रों को निः शुल्क रोजगार के लिए प्रशिक्षण देने और समाज के विकास के लिए दूसरे कई कार्य करता है। ये संस्था देश के विभिन्न हिस्सों के साथ छत्तीसगढ में विगत कई वर्षो से कार्य कर रहा है।

### सुशासन दिवस पर पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी का पुण्य स्मरण

**रायपुर. 26 दिसम्बर।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय, रायपुर में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन करते हुए उनका पुण्य स्मरण किया गया। चिकित्सालय के टेलीमेडिसिन हाल में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सुशासन दिवस के अवसर पर अम्बेडकर अस्पताल में प्रातः काल से ही व्यापक स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय एवं अम्बेडकर अस्पताल के प्रवेश द्वार पर मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर विधायक श्री पुरंदर मिश्रा ने हाथ में झाड़ू थामकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। उनके साथ चिकित्सा महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. तृप्ति नागरिया, अम्बेडकर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. एस. बी. एस. नेताम, उप अधीक्षक डॉ. एम. के. साहू, डॉ. मंजू सिंह, डॉ. ज्योति जायसवाल, डॉ. उषा जोशी, डॉ. स्निग्धा जैन, डॉ. वर्षा मुंगटवार, श्रीमती रंजना ध्रुव,डॉ. पी. के. खोडियार, डॉ. विवेक पात्रे, डॉ. कमलेश जैन एवं डॉ. पीयूष भार्गव समेत चिकित्सालय के सफाई कर्मचारियों ने भी स्वच्छता अभियान में अपनी सहभागिता निभाई। टेलीमेडिसिन हाल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री पुरंदर मिश्रा द्वारा चिकित्सालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन संकल्प एवं स्वच्छता की शपथ दिलाई गई जिसे सभी लोगों ने सस्वर दोहराते हुए दाएं हाथ को आगे कर शपथ लिया। विधायक महोदय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में स्वच्छता का बहुत महत्व है। स्वच्छता के माध्यम से ही स्वस्थ एवं सुंदर राष्ट्र की कल्पना साकार की जा सकती है। राज्य का यह सबसे बड़ा और सबसे अच्छा अस्पताल है जिसे हम भविष्य में और भी बेहतर करने का निरंतर प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य के गठन हेतु अटल जी के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# शदाणी दरबार अध्यात्मिक शक्ति का केन्द्र:मुख्यमंत्री

**रायपुर, 26 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय का आज यहां पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ में शदाणी शिरोमण्डल और रायपुर सिंधी समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जय-जय सदाराम घोष के साथ कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे यहां आने और पूज्य गुरू के आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि शदाणी दरबार अध्यात्मिक शक्ति का केन्द्र है और जो भी यहां सच्चे मन से मत्था टेकता है, उसकी मनोकामना पूरी होती है। शदाणी दरबार के आशीर्वाद से ही मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को प्रदेश की जिम्मेदारी मिली है। मैं यह प्रार्थना करता हूं कि शदाणी दरबार मुझे इतनी शक्ति दे कि मैं प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चुनाव के



समय की गई गारंटियों को शत्-प्रतिशत पूरा कर प्रदेश की जनता के अटूट विश्वास पर खरा उतर सकूं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को प्रदेश में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अभनपुर के ग्राम बेन्द्री में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के 12 लाख से अधिक किसानों को दो साल के धान के बकाया बोनस के रूप में 3716 करोड़ रूपए की राशि उनके बैंक खाते में हस्तांतरित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने शपथ लेने के अगले ही दिन कैबिनेट की बैठक में गरीबों के 18 लाख आवासों के निर्माण की मंजूरी दी। इससे उन लोगों को आवास मिल सकेगा जो पिछले पांच साल में आवास से वंचित रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी कथनी-करनी समान है। प्रदेश ही नहीं पूरे देश ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि किसानों हस्तांतरित की गई बोनस राशि और आवास की मंजूरी से निर्माण कार्यों की सामग्रियों का पैसा बाजार में व्यापारियों के पास आयेगा और लोगों को रोजगार उपलब्ध होगा। उन्होंने समाज द्वारा किए गए स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी का अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने शदाणी दरबार पहुंचकर सबसे पहले संत सदाराम की समाधि पर जाकर मत्था टेका और शदाणी दरबार में धुनी वाले महादेव साहेब की विधिविधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। संत श्री डॉ. युधिष्ठिर लाल ने अपने आशीर्वचन में कहा कि भारतीय संस्कृति एवं सभ्यता के प्रतीक, पूज्य शदाणी दरबार तीर्थ एक सर्वधर्म, समभाव का संनातनी मान्यताओं के प्रचार-प्रसार की सेवा स्थली है। इस पूज्य स्थल पर मुख्यमंत्री के प्रथम आगमन पर उनका समाज की ओर से स्वागत है।

# भैसबोड़ में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 26 दिसंबर।** ग्राम भैसबोड़ के अटल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस सोमवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। गांव के सरपंच सहित ग्रामीण उपस्थित होकर अटल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया 7 अटल जी का जन्म 25 दिसम्बर 1924 ग्वालियर, मध्य प्रदेश में हुआ उनकी प्रारंभिक शिक्षा सरस्वती शिक्षा मंदिर गोरखी बाडा विद्यालय में हुई थी। यहां से उन्होंने आठवीं कक्षा तक की शिक्षा प्राप्त की। जब वह पांचवीं में थे तब उन्होंने प्रथम बार भाषण दिया था। कालेज जीवन में ही उन्होंने राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेना आरंभ कर दिया था। आरंभ में वे छात्र संगठन से जुड़े। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख कार्यकर्ता नारायण राव ने उन्हें बहुत प्रभावित किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शाखा प्रभारी के रूप में कार्य किया। उनका राजनीतिक जीवन 1942 में शुरू हुआ। भारतीय जनसंघ पार्टी का गठन हुआ था तो उसमें श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे नेताओं के साथ अटल बिहारी वाजपेयी की अहम भूमिका रही। इस



अवसर पर मिनेश्वरी दिलीप साहू सरपंच ग्राम पंचायत भैसबोड़, रामकुमार बंजारे सचिव,दिलीप साहू पंच, लक्ष्मण साहू पंच,मनोहर साहू पंच, नरोत्तम साहू पंच, जगजीवन तारक,शिवकुमार साहू,गणेशराम, नागेश साहू,गोपी राम साहू, संतोष, देवानंद साहू,महेंद्र साहू,कृष्णकुमार, नन्दकुमार,शंकरलाल, हरिश साहू, विष्णु राम, पवन, डॉ. बसंत साहू,उमाशंकर, फूलसिंग ढीमर एवं समस्त ग्रामवाशी उपस्थित रहें।

## समाचार संक्षेप

### 2014 में कराया नाम परिवर्तन और 2013 में की फर्जी शिकायत

**डोंगरगढ़/भंडारपुर 26 दिसंबर।** जैसा कि हमने पार्ट वन में बताया कि उदेलाल पिता टीकम सिंह वर्मा अलग-अलग नामो से व्यक्ति विशेष के साथ साथ शासन प्रशासन को भी धोखा दे रहा है। आज हम दूसरे पार्ट में कुछ और खुलासे करने जा रहे हैं।




उदेलाल वर्मा की शिकायत चैनल हेड देवेन्द्र गोरले ने जनहित में मोहारा चौकी में की है जिसके बाद उदेलाल वर्मा ने अपनी सफाई में कुछ दस्तावेज चौकी मोहारा में पेश किया है जिसमे नाम परिवर्तन की उदघोषणा भी शामिल हैं जो खैरागढ़ तहसील से जारी किया गया है जो 28 अगस्त 2014 को जारी किया गया है। यहां पर गौर करने वाली बात यह है कि नाम उदघोषणा के बाद उदेलाल उमाशंकर उर्फ उदेलाल हो गया और वो क्यों हुआ यह भी हम आपको बता रहे हैं क्योंकि इसी उदेलाल वर्मा के द्वारा जनवरी 2013 में उमाशंकर बनकर पँजाब नेशनल बैंक के कैशियर रमन राबिन सन राम की शिकायत सीबीआई भिलाई में की गई थी। चूंकि शिकायत उमाशंकर बनकर की गई थी तो उदेलाल ने स्वम को बचाने के लिए शिकायत के बाद अपना नाम उमाशंकर उर्फ उदेलाल करवाया ताकि वह सीबीआई को यह बता सकें या फिर सीबीआई के कहने पर ही उसने अपना नाम परिवर्तन किया ताकि यह साबित कर सके कि उमाशंकर और उदेलाल दोनों एक ही व्यक्ति है।

आपको बता दें कि जब नाम परिवर्तन 2014 में हुआ तो 2013 में पँजाब नेशनल बैंक भण्डारपुर का उमाशंकर खाताधारक कैसे हुआ और यदि उमाशंकर खाताधारक है तो फिर उदेलाल कौन है। यदि हम बात करें नाम परिवर्तन की तो 2014 में जारी की गई उद्घोषणा के बाद उमाशंकर का नाम उमाशंकर उर्फ उदेलाल हो गया यानी उमाशंकर और उदेलाल दोनों एक ही व्यक्ति है पर नाम परिवर्तन के बाद भी उदेलाल और उमाशंकर दोनो के अलग-अलग खाते पंजाब नेशनल बैंक शाखा भंडारपुर में आज भी संचालित है जो आरबीआई के नियम का खुला उल्लंघन है जिसमे बैंक के अधिकारी की मिलीभगत स्पष्ट नजर आ रही है। बहरहाल दूसरे पार्ट में इतना ही, हम फिर हाजिर होंगे कुछ और खुलासे के साथ तीसरे पार्ट में।

### छत्तीसगढ़ कलार समाज के परिचय सम्मेलन में 120 युवक युवतियों ने हिस्सा लिया



**रायपुर 26 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ कलार समाज रायपुर द्वारा युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 25 दिसम्बर 2023 को कलार समाज भवन परिसर मोतीनगर बोरियाखुर्द में किया गया जिसमें 10.00 बजे सहस्त्रबाहु अर्जुन भगवान का पूजा आरती कर सम्बंध नामक पत्रिका का विमोचन किया गया। 1बजे बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति किया गया।साथ ही स्नेह भोज दोपहर 1.30 को युवक -युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन जिला महामंत्री श्री कुँवर विजय सिन्हा जी एवं श्रीमती चुन्नी सिन्हा एवं महिला मंच श्रीमती विद्या सिन्हा व श्रीमती लता दिवान सिन्हा द्वारा किया गया। साथ ही 25 दिसम्बर को मुख्यतिथि के रूप में आदरणीय श्री युवराज सिन्हा कलार समाज प्रांताध्यक्ष,प्रदेश कोषाध्यक्ष आदरणीय श्री डॉ. बिसम्भर सिन्हा,संयोजक श्री भूषण सिन्हा जी,संरक्षक महिला मंच श्रीमती किरण सिन्हा,प्रांताध्यक्ष महिला मंच श्रीमती प्रमिला सिन्हा, जिला अध्यक्ष रायपुर श्री राजेन्द्र सिन्हा जी,जिला महामंत्री श्री कुँवर विजय सिन्हा जी,जिला कोषाध्यक्ष श्री खुशवंत सिन्हा जी,जिला उपाध्यक्ष श्री पन्ना लाल सिन्हा जी,जिला संगठन मंत्री श्री मेवा लाल सिन्हा जी,जिला युवा जिला अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिन्हा जी,जिला निर्वाचन अधिकारी श्री चन्द्रिका प्रसाद सिन्हा जी का सत्कार समारोह कलार समाज रायपुर दक्षिण मंडल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलेश्वर श्री कृपा राम सिन्हा जी,ओमप्रकाश डड़सेना मंडलेश्वर,डॉ.पुरषोत्तम सिन्हा जी,श्री पूना राम सिन्हा जी, द्वारा किया गया। जिसमें प्रदेश भर के युवक युवती और स्वजातीय बंधुओं ने लगभग 3000 से 4000 की संख्या में उपस्थित हुए। कलार समाज के प्रांताध्यक्ष श्री युवराज सिन्हा जी,प्रांतकोषाध्य श्री डॉ. बिसम्भर सिन्हा जी,संरक्षक महिला मंच श्रीमती किरण सिन्हा,श्रीमती प्रमिला सिन्हा एवं पदाधिकारी गण उपस्थिती हुए,व रायपुर मण्डलेश्वर गण के साथ संबंध नामक पुस्तिका का विमोचन किया गया।बाहर से आए हुए युवक युवतियों के परिचय के लिए लगभग 120 युवक युवतियों को परिचय देने का मंच में स्थान दिया गया। मुख्य अतिथि के संबोधन के बाद समाज मे आये हुए पदाधिकारी को भी सम्बोधन के लिए मंच व्यवस्था थी। इसके अलावा जिला अध्यक्ष श्री राजेन्द्र सिन्हा जी के द्वारा बोरिया स्थित जमीन जिसे समाज ने 09 वर्षो से आरक्षित बाउंड्रीवाल किया गया है को समाज के नाम करने पर समाज पर जोर डाला और कहा की एक समाज के लिए चार सामुदायिक भवन व छात्रावास है दूसरी ओर हमारे समाज के प्रति उदासीनता अच्छी बात नहीं है और आये हुए तीनो मुख्यातिथि श्री युवराज सिन्हा जी,श्री डॉ.बिसम्भर सिन्हा जी,श्रीमती प्रमिला सिन्हा को अवगत कराया गया। इस आरक्षित भूमि पर कार्य अतिशीघ्र करने का निवेदन किया जिसे आये हुए पदाधिकारी नेताओं ने मिला कर कार्य करने का आश्वाशन दिया। अंत मे सभी पदाधिकारियों को समाज का प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी सयोजक श्री भूषण सिन्हा जी,श्री विकाश चन्द्र सिन्हा जी मंडलेश्वर कृपा राम सिन्हा जी सचिव श्री प्रेमप्रकाश गजेन्द्र जी कोषाध्यक्ष श्री डोमार सिन्हा जी श्री प्रेमनाथ सिन्हा श्री कुँवर विजय सिन्हा श्री कौशल सिन्हा जी साथ ही वार्ड प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जोरातराई के समाजसेवी ने गरीबों को किया कंबल वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 25 दिसंबर।** कहते हैं कोई पास होकर भी अपना नही होता तो कोई दूर रहकर भी अपना होता है और इस कहावत को चरितार्थ किया है ग्राम जोरातराई के समाज सेवी सकून किसून साहू ने जो लगभग 25वर्ष पहले जीवन यापन हेतु रायपुर पहुंचे लेकिन आज भी गांव में उनका दिल बसता है इसी का परिणाम है उन्होंने गांव पहुंचकर जरूरत मंद परिवार को इस कड़ाके की ठंड से राहत पाने कंबल का वितरण कर अपने गांव के प्रति प्रेम को प्रदर्शित किया है क्षेत्र के जनपद सभापति प्रतिनिधि महेन्द्र साहू इस अवसर पर साथ रहे और उन्होंने बताया की गांव के सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमों के साथ साथ ये साहू दंपती गांव से रायपुर किसी काम से गए लोगो का भी भरपूर सहयोग करते हैं इसी क्रम में मुझसे चर्चा कर कहा की मैं इस ठंड के मौसम में गांव के जरूरत मंद लोगो को कंबल वितरण करणा चाहता हूं और आज गांव में लगभग 50 गरीब को कंबल वितरण किया गया7 शुरू से ही सेवाभावी रहे इस परिवार ने इतने दिनो मे भी गांव के प्रति अपनी सहयोग की भावना को कम होने नही दिया गांव के हर कार्यक्रमों में इनका सहयोग हमेशा प्राप्त होता है इस अवसर पर सुपौत्र खोमेंद्रसहू, सरपंच खिलावन पाल विषेश रूप से उपस्थित रहे।



# कांग्रेस ने नहीं रखा धोबी समाज का ख्याल:शंकर सिंग



**रायपुर 26 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ सर्व धोबी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष शंकर सिंग निर्मलकर ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से सौजन्य भेंट कर मांग की गई कि धोबी तालाब को अवैध कब्जा से मुक्त कराकर सौन्दर्याकरण किया जाये। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि उक्त कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा। शंकर सिंग निर्मलकर ने कहा कि पूर्व सरकार के छलकपट से पूरा समाज बहुत ही दुखी है। सोनिया गांधी को भी पत्र उनके दिल्ली कार्यालय में जाकर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 5-6 बार आवेदन दिया। महापौर एजाज ढेबर को उक्त मामले को की जानकारी दी गई थी। प्रधानमंत्री शहरी विकास के लिए 70 लाख रूपये धोबी समाज के लिए भेजा था जिसको नरेश्वर तालाब के बगल में में एक और तालाब है, जो जलकुंभी से पटा पटा हुआ है, उस तालाब पर किनारे बना दिया गया।

# माई की नगरी में निकली अक्षत कलश शोभायात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 26 दिसंबर।** धर्मनगरी डोंगरगढ़ में श्री राम मंदिर स्थापना गृह संपर्क अभियान के तहत भव्य कलश यात्रा का आयोजन श्री राम मंदिर जय स्तंभ चौक से किया गया जिसमें नगर के समस्त वार्डो से आए मातृशक्ति द्वारा घर से कलश सजाकर लाया गया सभी माताएं बहनों ने पीले रंग की साड़ी वस्त्र पहन इस शोभायात्रा में हिस्सा लिया है नगर में निकली 108 कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्ग जयस्तंभ सेठपारा,रामगोपाल हरी प्रसाद गोल बाजार भगत सिंह चौक सब्जी मंडी हनुमान चौक जैन मंदिर हनुमान मंदिर गुरुद्वारा बुधवारी पारा में समापन हुआ जगह जगह राम भक्तो ने अक्षत कलश का स्वागत कर पूजा अर्चना की व झांझ मंजीरा की धुन में राम भक्त जयकारे लगते रहे।

अभियान के खंड संयोजक अनिल पाण्डेय ने बताया पुजित अक्षत कलश का किया गया वितरण ग्राम के मंडल संयोजक व बस्ती संयोजक को किया गया जिसमें 11 मंडल व 7 बस्ती के संयोजक उपस्थित रहे। सर्व प्रथम गुरुद्वारा कमेटी के साथ अरदास किया गया व हनुमान मंदिर प्रांगण में सामूहिक चालीस पाठ कर पूजा अर्चना कर आयोजन का समापन किया गया। साथ ही प्रसादी वितरण किया गया साथ ही समस्त मंडलो में विभिन्न आयोजनों के साथ आयोध्या से आये आमंत्रण अक्षत का वितरण प्रत्येक परिवार में कार्य योजना अनुसार किया जाएगा।




अभियान के नगर संयोजक हनी गुप्ता ने बताया सम्पूर्ण भारत वर्ष में राम मंदिर को लेकर समस्त सनातन प्रेमियों व राम भक्तो में काफी उत्साह है हम सब के लिए सौभाग्य की बात है 500 वर्षो के संघर्ष के बाद आयोध्या में राम मंदिर बन कर तैयार हो रहा है राम मन्दिर निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति ने अपना अंशदान दिया है शहर में यह 20,21,22 जनवरी को दिवाली स्वरूप में उत्सव को मनाया जाएगा जिसके लिए आयोजन के 1 माह से ही कार्य योजना बनाई जा रही है साथ ही नगर में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक आमंत्रित अक्षत,पत्रक व फोटो प्रत्येक परिवार तक पहुचना है व 22 जनवरी को दिवाली की तरह घर आँगन में रंगोली डाल कर,11 दीप जला कर सजाना है साथ ही परिवारजन के साथ राम जी की पूजा कर उत्सव मनाना है यह पल हम सब सनातनियो के लिए गौरवशाली ऐतिहासिक पल होगा। भव्य कलश शोभायात्रा में मुख्यरूप से विश्वनाथ यादव, प्रकाश यादव,अनिल श्रीवास्तव, जागेश्वर निषाद,संतोष देवांगन, विनोद खांडेकर,तरूण हथेली,वीरेंद्र अग्रवाल,सिद्धू गोपाल नरेड़ी,मधुसूदन अग्रवाल,लक्ष्मी नारायण अग्रवाल,दीपेन्द्र गोमास्ता, रेखराज वर्मा,गोपाल खेमका, ल,बालमुकुंद तराने,ज्योति बड़वाईक,पूनम ठाकुर,शारदा अग्रवाल,शारदा भोंडे व सविता दरगड,लक्ष्मी यादव,अचला ठाकुर,अनिता इंदुरकर,हिमांशु गुप्ता, अमन नामदेव,पुष्प तराने,प्रशांत गभने,राजवीर कौचे आदि।

## समाज को नशा मुक्त करने आगे आएं युवा:परमेश्वरी महेंद्र साहू

# छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**अंवरी 25 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का,÷नशा मुक्त समाज के लिए युवा÷ थीम पर सात दिवसीय विशेष शिविर,(ग्रामीण) का आयोजन ग्राम जोरातराई (अंवरी) में दिनांक 23.12.2023 से 29.12.2023 तक किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ परमेश्वरी महेंद्र साहू सभापति, जनपद पंचायत,कुरुद के मुख्य आतिथ्य, डॉ शैलेंद्र कुमार साहू, प्राचार्य, छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा की अध्यक्षता, खिलावन पाल, सरपंच,विमल कुमार साहू, उपसरपंच, घसिया राम साहू, गणेश निषाद,पंचगण,




रूपचंद देवांगन, सचिव, ग्राम पंचायत जोरातराई, मानक लाल साहू, पूर्व सरपंच, जोरातराई, टी आर साहू, सचिव, प्रबंध समिति, छत्तीसगढ़ महतारी महाविद्यालय भखारा, महेंद्र कुमार साहू, सुदामा राम साहू, अध्यक्ष, ग्रामीण साहू समाज, जोरातराई , टेमन साहू, जालम बनपेला, रामचंद्र निर्मलकर, श्रीमती नीलम निर्मलकर, चैतू राम निर्मलकर,मोहन सारथी, शेखन साहू, बालमुकुंद साहू, गांधी राम साहू, महाविद्यालय के प्राध्यापकों नेहा साहू, अंजु कूर्रे, उषा साहू, एम एस साहू , श्रीमती सुशीला साहू, व्याख्याता, शास. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थूहा के विशिष्ट आतिथ्य में रासेयो ध्वजारोहण व स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना कर किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शैलेंद्र कुमार साहू ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के उद्देश्य, महत्व पर प्रकाश डालते हुए रासेयो के सात दिवसीय विशेष शिविर की दिनचर्या, कार्यक्रमों की जानकारी दी।

## संपादकीय

# डबल इंजन सरकार का दिखने लगा असर

देश व राज्य के तेज विकास के लिए दोनों जगह एक दल की सरकार होनी चाहिए। यह मत पीएम नरेंद्र मोदी का है। इसलिए वह जनता से कहते हैं कि राज्य के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार ही बेहतर होती है, जनता को राज्यों में डबल इंजन की सरकार के लिए वोट करना चाहिए। यह सच भी है, इससे राज्य व केंद्र सरकार के बीच राजनीति नहीं होती है, राज्य सरकार की जायज मांगे जल्द पूरी हो जाती है, राज्य को जैसै सहयोग की जरूरत होती है, वैसा सहयोग राज्य को मिल जाता है। इससे राज्य का विकास के लिए खासकर पैसों की कमी नहीं होती है। राज्य के विकास कार्य तेजी से होते है,सरकार ने जो वादे चुनाव में किए होते है,वह सब समय से पूरे हो जाते हैं। राज्य में पंद्रह साल भाजपा की सरकार रही। इस दौरान राज्य का तेजी से विकास हुआ। बहुत से काम हुए। पंद्रह साल बाद जनता ने रमन सरकार को हटाकर भूपेश सरकार को मौका दिया। वह भी जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरी तो राज्य की जनता ने मोदी की गारंटी पर फिर एक बार राज्य के विकास के लिए डबल इंजन की सरकार को चुना है। जनता का यह फैसला निश्चित रूप से राज्य के हित में है। राज्य में डबल इंजन की सरकार होने का असर दिखने लगा है। राज्य की जो भी मांगें व जरूरत है, वह साय सरकार के मांग करने के कुछ ही दिनों के भीतर केंद्र सरकार ने पूरी कर दी है। साय सरकार ने करों में राज्य के हिस्से की मांग की तो ढाई हजार करोड़ राज्य सरकार को दे दिया गया है, मध्यान्ह भोजन के लिए केंद्र ने राज्य सरकार को 37 करोड़ रुपए की पहली किश्त जारी कर दी है। इसी तरह सीएम साय ने केंद्र सरकार से उसना लेने की लंबित मांग को पूरा करने की आग्रह किया तो केंद्र सरकार ने 15 लाख मीट्रिक टन उसना चावल लेने की अनुमति दे दी है। जो मांगें भूपेश सरकार के महीनों बाद भी पूरी नहीं होती थी,वह तमाम मांगे राज्य में भाजपा की सरकार बनने के बाद कुछ ही दिनों में पूरी कर दी है। राज्य सरकार की तमांम मांगे जल्द से जल्द पूरी इसलिए हो रही हैं कि पीएम मोदी ने चुनाव के वक्त राज्य की जनता से वादा किया था भाजपा सरकार बनने की राज्य भाजपा ने जो भी वादे किए हैं, वह जल्द से जल्द पूरे किए जाएंगे। यह मोदी की गांरटी है। मोदी ने गांरटी दी है, इसलिए छत्तीसगढ़ की जो भी मांगे वह जल्द से जल्द पूरी होंगी। अब राज्य सरकार की जिम्मेदारी है कि वह कितनी जल्दी समय पर सारे वादे पूरी करती है। राज्य सरकार मांगे पूरी होने पर सीएम साय व डिप्टी सीएम विजय शर्मा व अरुण साव दिल्ली मे पीएम से मिले और मांगे पूरी करने के लिए आभार व्यक्त किया है। कि केंद्र से राशि मिल जाने से राज्य में विकास तेज होगा व आधारभूत ढांचे को मजबूत किया जा सकेगा। इस दौरान पीएम मोदी ने सीएम साय व डिप्टी सीएम को गुड गवर्नेस के टिपस भी दिए। पीएम मोदी ने उनसे कहा कि सरकार की सर्विस कैसी है यह निर्भर करता है कि गवर्नेंस कैसा होना चाहिए। उन्होंने छत्तीसगढ़ की टीम की तारीफ की और कहा कि टीम तो बहुत अच्छी है। राज्य में अपार संभावनाएं हैं। राज्य में अभी बहुत मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि अध्ययन कीजिए,लगातार सीखिए, बच्चों की तरह पढ़िए, जितनी ज्यादा जानकारी आपके पास होगी, उनता ही अच्छा होगा। पीएम से मुलाकात के बाद सीएम ने भरोसा जताया है कि अब राज्य का जो विकास भूपश सरकार के समय रुक गया था वह तेजी से होगा, राज्य सरकार ने यह तय कर लिया है कि सौ दिन क्या क्या करना है। विधानसभा चुनाव में किए गए कौन कौन से वादों को पहले पूरा करना है। वादे पूरे करने के लिए राज्य सरकार ने पैसों का इंतजाम कर लिया है। सबसे पहले 25 दिसंबर को बकाया बोनस राशि किसानों को बांट दी गई है। उसके बाद गरीबों के आवास व महतारी वंदन योजना पर काम किया जाएगा और लोकसभा चुनाव से पहेल यह वादे भी पूरे कर दिए जाएंगे। इस पर इतना काम कर दिया जाएगा कि जनता को ऐसा लगे कि मोदी ने जो गारंठी दी थी वह राज्य सरकार ने पूरी कर दी है। मोदी गारंटी जितनी जल्दी राज्य सरकार पूरी करेगी, उतना ही भाजपा का लोकसभी चुनाव में फायदा होगा। राज्य भाजपा को छत्तीसगड़ की 11 की 11 की लोकसभा जीतने में आसानी होगी।

# मर्यादा एक मापदंड अनेक ?

**राजनीति**

**तनवीर जाफ़री**



**नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन के दिन इन प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों की दिल्ली पुलिस के साथ हाथापाई भी हुई थी। यहां तक कि अपने अपमान से दुखी होकर इन खिलाड़ियों ने अपने मेडल गंगा में प्रवाहित करने की चेतावनी तक दे दी थी। इनमें भी अधिकांश पीड़ित महिला खिलाड़ी जाट समुदाय से थीं।**

बात का बतंगड़ कैसे बनाया जाता है यह हमारे देश के नेताओं से बेहतर भला और कौन जा सकता है ? भारतीय राजनीति में अक्सर ऐसे उदाहरण देखे जा सकते हैं जब बे बात की बात को इतना बढ़ा दिया गया कि जन सरोकारों से जुड़े वास्तविक मुद्दे पूरी तरह परिदृश्य से ग़ायब हो जाते हैं। भारतीय जनता पार्टी तो ख़ास तौर पर तिल का ताड़ बनाने में काफ़ी महारत रखती है। इन दिनों ऐसा ही एक मुद्दा उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ से जुड़ा हुआ चर्चा में है। पिछले दिनों नवनिर्मित संसद भवन में चल रही कार्रवाई के दौरान सुरक्षा में हुई भारी चूक को लेकर संसद के शीतकालीन सत्रावसान तक भारी हंगामा देखा गया। भारतीय संसदीय इतिहास में पहली बार लगभग 150 सांसदों को निलंबित कर दिया गया। इसी निलंबन को लेकर तथा संसद की सुरक्षा चूक की जांच की मांग को लेकर विपक्षी सांसद, संसद भवन के भीतर व बाहर प्रदर्शन कर रहे थे। इसी बीच टीएमसी के एक सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति धनखड़ की नक़ल उतारते हुये राहुल गांधी सहित अनेक निलंबित सांसदों को संसद भवन के बाहर सीढ़ियों पर सम्बोधित किया। बस धनखड़ की उतारी गयी यही नक़ल भाजपा के लिये न केवल संसदीय गरिमा को धूल धूसरित करने का मुद्दा बन गयी बल्कि बड़ी चतुराई से इसे जाटों के स्वाभिमान से भी जोड़ने की कोशिश कर दी गयी। यहाँ यह कहने की ज़रुरत नहीं कि सरकारी व दरबारी मीडिया भी इस मुद्दे पर सरकार से जुगलबंदी में मसरूफ़ रहा।

जिस समय देश का मीडिया मूल मुद्दों से लोगों का ध्यान बांटने के लिये 'उपराष्ट्रपति की मिमिक्री यानी जाटों का अपमान' जैसा नरेटिव देश पर थोपने की कोशिश कर रहा था उसी समय भारतीय कुश्ती महासंघ का चुनाव हो रहा था। और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व सांसद बृज भूषण सिंह के बेहद क़रीबी वाराणसी निवासी संजय सिंह भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद पर भारी बहुमत से निर्वाचित हो रहे थे। भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष व सांसद बृज भूषण सिंह वही नेता हैं जिनपर कई महिला पहलवान खिलाडियों द्वारा उनका यौन शोषण करने का आरोप लगाया गया था। इस मामले ने इतना तूल पकड़ा था कि सांसद बृज भूषण सिंह की गिरफ़्तारी की मांग करते हुए साक्षी मलिक, विनेश फ़ोगाट और बजरंग पुनिया सहित अनेक खिलाड़ियों द्वारा कई सप्ताह तक दिल्ली के जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया गया था। इस प्रदर्शन में देश के तमाम जाने माने लोग भी समय समय पर शामिल हुये थे। यहां तक कि नव निर्मित संसद भवन के उद्घाटन के दिन इन प्रदर्शनकारी खिलाड़ियों की दिल्ली पुलिस के साथ हाथापाई भी हुई थी। यहां तक कि अपने अपमान से दुखी होकर इन खिलाड़ियों ने अपने मेडल गंगा में प्रवाहित करने की चेतावनी तक दे दी थी। इनमें भी अधिकांश पीड़ित महिला खिलाड़ी जाट समुदाय से थीं। ऐसी ही एक खिलाड़ी साक्षी मलिक ने तो संजय सिंह के भारतीय कुश्ती महासंघ अध्यक्ष निर्वाचन के बाद मीडिया के समक्ष रोते हुये कुश्ती खेलने से ही सन्यास ले लिया। क्या उस समय या आज किसी भांड मीडिया,भाजपा नेता या जाटों की स्मिता पर घड़ियाली आंसू बहाने वालों ने अपना मुंह खोला ? क्या स्वयं जगदीप धनकड़ ने उस समय देश का गौरव व सम्मान बढ़ाने वाली इन मेडल विजेता खिलाड़ियों का दुःख दर्द सांझा किया था ?

भाजपा नेताओं की चतुराई और तिल का ताड़ बनाने में इनकी महारत का अंदाज़ा आप इसी बात से लगा सकते हैं कि यह शब्दों के अर्थ व उसके उपयोग को भी अपनी सुविधानुसार निर्धारित कर लेते हैं। मिसाल के तौर पर 2014 में चुनाव पूर्व जब नरेंद्र मोदी ने अपनी आदत के अनुसार राजीव गांधी सहित पूरे नेहरू गांधी परिवार पर हमला किया तो जवाब में प्रियंका गांधी ने यह कह दिया कि - इन्होंने अमेठी की धरती पर मेरे शहीद पिता का अपमान किया है और ये लोग नीच राजनीति पर उतर आए हैं।' बस,प्रियंका गांधी के मुंह से 'नीच राजनीति' शब्द निकलने की देर थी कि नरेंद्र मोदी ने इस शब्द को भी अपने लिये 'आपदा में अवसर ' की तरह स्वीकार करते हुये इस मुद्दे पर ट्वीट की बारिश कर डाली। मोदी ने उस समय लिखा था कि - सामाजिक रूप से मैं निचले वर्ग से आया हूं, इसलिए मेरी राजनीति इन लोगों के लिए नीच राजनीति ही होगी। यानी इस शब्द संघर्ष में मोदी ने अपने पिछड़े वर्ग से आने का कार्ड खेल दिया। उसी समय उन्होंने आगे लिखा था- हो सकता है कि कुछ लोगों को यह नज़र नहीं आता हो, पर निचली जातियों के त्याग, बलिदान और पुरुषार्थ की देश को इस ऊंचाई तक पहुंचाने में अहम भूमिका है। उन्होंने यह भी लिखा था कि - इसी नीच राजनीति की ऊंचाई पिछले 60 सालों के कुशासन और वोट बैंक की राजनीति से भारत को मुक्त कर...भारत मां के कोटि-कोटि जन के आंसू पोंछेगी।÷ गोया मोदी ने देश का दशकों नेतृत्व करने व बड़ी से बड़ी अनेक कुर्बानियां देने वाले नेताओं का क्या अपमान किया वह कोई विषय नहीं परन्तु प्रियंका ने जवाब में 'नीच राजनीति' शब्द का इस्तेमाल क्या कर दिया कि मोदी ने 'नीच ' शब्द को विभिन्न तरीक़ों से परिभाषित कर इस शब्द को ज़रूर तिल के ताड़ के रूप में पेश कर दिया।

यदि बात संसद की गरिमा की भी की जाये तो इसी नवनिर्मित संसद भवन का वह काला दिन भी देश नहीं भूला है जब भाजपा के सांसद रमेश विधुरी ने बसपा सांसद दानिश अली को संसद में बोलते हुये उन्हें न केवल धर्मसूचक गलियां दी थीं बल्कि उन्हें धमकी तक दी थी। उस समय तो देश को संसदीय गरिमा व मर्यादा का पाठ पढ़ने वाले पूर्व केंद्रीय मंत्री संसद में ठहाका लगाकर हंस रहे थे ? कहाँ चली गयी थी उसे समय संसद की मर्यादा ?और कौन खड़ा हुआ था उस समय दानिश अली व उनके धर्म के लोगों को सांत्वना देने ? मीडिया जिसतरह आज सभापति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री मात्र को संसद व जाटों की गरिमा से जोड़ रहा है उसे रमेश विधुरी के अपमानजनक,अशिष्ट व असंसदीय बयान में क्या संसदीय गरिमा या दानिश अली के समुदाय का अपमान जैसा कुछ सुझाई नहीं दिया ? हमारे देश में गांधी से बड़ा संवैधानिक व्यक्ति और कौन हो सकता है। संसदीय गरिमा की दुहाई देने वाले इन्हीं लोगों की जमात के तमाम नेता गांधी को फ़ैशन की तरह गली देते रहते हैं। उन्हें गोली मारने का कुकृत्य नाट्य रूपांतर की तरह दोहराते हैं ,उसके हत्यारे की मूर्तियां लगाते हैं ,उसे देशभक्त बताते हैं ,क्या यह सब संसदीय गरिमा के अनुरूप है ? पचास करोड़ की गर्ल फ़्रेंड,कांग्रेस की विधवा,इटली का चश्मा,कपड़ों से पहचाने जाते हैं,देश के ग़द्दारों को गोली मारो .... जैसी तमाम मर्यादा विहीन बातें करने वालों की तरफ़ से जब मर्यादा की बातें की जाएँ तो यही लगता है कि मर्यादा तो एक है परन्तु इसके मापदण्ड शायद अनेक हैं ?

## आज का राशिफल

**मेष राशि**-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण घरेलू काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।

**वृष राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें। आपकी कोशिशें जल्द ही रंग ला सकती हैं। आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। बेरोजगारों को रोजगार मिलने के योग बने हुये है।

**मिथुन राशि**-आज आपका दिन खुशियों भरा रहने वाला है। आज आपका मन नया काम करने में लगेगा । बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से प्यार और सहयोग मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन ठीक रहेगा।

**कर्क राशि**-आज का दिन ठीकङ्गठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं। इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं। कोई भी फैसला सोच-समझकर लें। किसी काम में जल्दबाजी करने से आज आपको बचना चाहिए।

**सिंह राशि**-आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आप जिस भी व्यक्ति से मिलेंगे वह आपसे प्रभावित होगा। व्यापार के क्षेत्र में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क-प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा की स्थिति बन सकती है, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फूड खाएं। बच्चों के साथ बाहर घूमने का प्लान बन सकता है। आज दाम्पत्य जीवन में पहले से चल रही अनबन से राहत मिलेगी।

**कन्या राशि**-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आप घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लें। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिये सफलता की कुंजी साबित होगा। सरकारी काम करवाने के लिए आपको थोड़े धैर्य से काम लेना होगा। यदि छात्र किसी नये कोचिंग संस्था में प्रवेश लेना चाहते हैं तो आज का दिन अनुकूल है।

**तुला राशि**-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपके मन में नएङ्गनए विचार आएंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा। आज ऑफिस में आपका प्रमोशन होने के चांस बन रहे हैं। आज परिवार वालों के साथ किसी रिश्तेदार की शादी में जा सकते हैं। संगीत से जुड़े लोगों को आज जॉब के अच्छे ऑफर आ सकते हैं।

**वृश्चिक राशि**-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़ेङ्ग बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन-लाभ का योग बन रहा है। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान रहेगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सामने ठहर नहीं सकेंगे। नौकरीपेशा लोगों को विशेष सफलता हासिल होगी ऑफ़िस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मानङ्गसम्मान बढ़ेगा। कम्पटीटिव एग्जाम में आपको सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है। बिजनेस में पिता के सहयोग से आपको आसानी होगी। लवमेटस के आज रिश्ता तय होने का योग बन रहा है। खान-पान और जीवनशैली पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है।

**मकर राशि**-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में इन्क्रीमेंट के योग हैं, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आज आपके व्यापार में फायदे के आसार नजर आ रहे हैं। धन लाभ से आप अपने रुके हुए काम पूरे कर सकते हैं।

**कुम्भ राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे । कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से विचार-विमर्श करेंगे। आज के दिन दूर की यात्रा करने से बचें, अपने स्वास्थ्य को राहत देने के लिये ये डिसीजन ठीक होगा। बिजनेस में निवेश के लिए सही समय की प्रतीक्षा करें। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। आज कोई भी शुभ कार्य करेंगे और साथ ही मांगलिक कार्य भी करेंगे। संतान की करियर के लिए मन में चिंताएं बनी रहेगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते है । पूरा दिन मौज-मस्ती से भरा रहेगा। सरकारी ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं । हो सकता है आपका प्रमोशन भी कर दें। आज नए लोगों के साथ आपको जुड़ने का मौका मिलेगा। जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा।

## व्यंग्य

# हम भी तुम्हारे बाप हैं

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

साहब टेढ़े लोगों के लिए सीधे-सादे कपड़े पहनकर जायेंगे तो वे हमारा कचूमर बना देंगे। वैसे भी हमें ऐसे कपड़ों में जाने की क्या जरूरत है? यूनिफार्म में चलते हैं। लोगों में रौब बना रहेगा। कांस्टेबल ने कहा। यही तो मुश्किल है। यह यूनिफार्म डराने के लिए इतना बदनाम हो चुका है कि भरोसे का परिंदा इसके आसपास फटकने से भी डरता है। चोर-उचक्के इतने अडवांस हो गए हैं कि उन्हीं के चलते बड़ी-बड़ी कंपनियाँ फेस डिटेक्टर, थंबप्रिंट एनेबल तकनीकों से लैस डिवाइस बनाने लगे हैं। अब ऐसे में उन्हें पकड़ना रिश्वत खाने जितना आसान नहीं है। इसीलिए सरकार ने आदेश दिया है कि सभी चोर-उचक्कों, अपराधियों, गुंडे मवालियों के घरों की जियो टैगिंग करें। उन्हें भनक न लगे इसके सादे कपड़े में जाना होगा। सब इंस्पेक्टर ने कहा। लगता है सरकार का दिमाग खराब हो गया है। भला इन अपराधियों का कोई घर होता है, जो इन्हें जियो टैगिंग कर गूगल मैप्स की सहायता से पकड़ लेंगे? वे अपराधी हैं! अपराधी! उनके यहाँ हमारी तरह भर्ती में देरी नहीं होती। हमारे यहाँ तो चुनावों से ठीक पहले भर्ती की जाती है, जिससे बेरोजगारों में यह विश्वास बना रहे कि ऊँट के मुँह में जीरा गलत मुहावरा नहीं है। उनका नेटवर्क जेट स्पीड की तरह काम करता है। और एक हम हैं जो नेटवर्क की स्पीड तो दूर अभी भी बाबा आदम के जमाने के तकनीकों का इस्तेमाल करते हैं। हम जब तक सोचते हैं, वे तब तक करके दिखला देते हैं। हमारी कथनी बोलती है और उनकी करनी। विधानसभा में हमारे नाम पर लोखो-करोड़ों का बजट पारित कर दिया जाता है। जमीन तक पहुँचते-पहुँचते और नेताओं के पेट से होते हुए वही बजट शून्य बनकर हमें पराजित करने के लिए बड़ा सा ठेंगा दिखाने हमारे सामने खड़ा हो जाता है। यहाँ तो हर भर्ती संवैधानिक नियमों का हवाला देते हुए आरक्षण के आधार पर किया जाता है। उनके यहाँ भर्ती केवल काबिलियत के आधार पर होती है। यही कारण है कि आए दिन अनगिनत चोर-उचक्के हमारी आँखों में धूल झोंककर नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। अब आप ही बताइए कि ऐसे में जियो टैगिंग करने का क्या फायदा होगा? पिछले कई वर्षों से प्रमोशन की आस लगाए बैठे निराशावादी कांस्टेबल ने कहा।

इतना भी निराश होने की जरूरत नहीं है। हो सकता है कि जियो टैगिंग करने के बाद हालात बदल सकते हैं। पहले से ज्यादा अपराधियों को पकड़ने में सुविधा हो सकती है। इतना कहते हुए सब इंस्पेक्टर इलाके के सबसे बड़े गुंडे के घर पहुँचा। खुद को स्वास्थ्य विभाग का कर्मचारी बताकर घर में बैठने के बारे में सोच ही रहे थे कि गुंडे ने कहा - नमस्ते सब इंस्पेक्टर साहब! आपका नाम रामलाल, उम्र चौवालीस साल, रंग सांवला, कद 6 फुट 3 इंच, अब तक चार बार ट्रांसफर हो चुका है और यहाँ जियो टैगिंग करने के लिए आए हैं। सब इंस्पेक्टर का मुँह खुला का खुला रह गया। वह कुछ पूछता कि गुंडा बोल उठा - आपने जैसे ही घर की घंटी बजाई, वहाँ लगा फेस डिटेक्टर विथ एडवांस टेक्नॉलॉजी ने आपका सारा चिट्ठा मुझे बता दिया। जहाँ तक जियो टैगिंग का सवाल है, तो आपको बता दूँ कि टैग उन्हें किया जाता है जो एक जगह टिकते हैं। हम तो आँखों में खटकते हैं। इसीलिए भटकते हैं। वैसे हमने सभी पुलिस थानों, चौराहों पर लगे सिग्नलों और सीसीटीवी कैमरा लगे स्थलों की जियो टैगिंग कर ली है। हमें पकड़ना मुश्किल ही नहीं, नामुमकिन भी है। वह क्या है न कि हम चोर-उचक्कों में एकता कूट-कूट कर भरी होती है। एक ईमानदार दूसरे ईमानदार को बचाए न बचाए लेकिन एक बेईमान दूसरे बेईमान को जरूर बचा लेता है।

## सर्दियों में कैसे रखें अपनी सेहत का ख्याल

दिसंबर से लेकर जनवरी तक कड़ाके की ठंड पड़ती है. घरा कुहरा और कम तापमान मौसम में ठंडक बनाए रखता है. जिसका असर हेल्थ पर पड़ सकता है. इस मौसम में हार्ट पेशेंट से लेकर ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और डाइजेशन पाचन की समस्याओं और मेंटल हेल्थ डिसऑर्डर वालों के कई चुनौतियों से गुजरना पड़ सकता है. यही कारण है कि ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है. ठंड में सर्दी, फ्लू और सांस से जुड़ी दूसरी बीमारियां होना भी आम होता है. ऐसे में आइए जानते हैं सेहत को किस तरह ये दो महीने प्रभावित करते हैं...

**सर्दी-जुकाम, फ्लू**-जब भी तापमान में गिरावट होती है तो सर्दी-जुकाम और फ्लू की समस्याएं बढ़ने लगती है. चूंकि इस मौसम में सूर्य की रोशनी कम मिल पाती है. जिससे विटामिन डी की शरीर में कमी होने लगती है और इम्यून पावर कमजोर होने लगता है. इससे बीमार होने का खतरा बढ़ जाता है. इनसे बचने के लिए ठंड से बचाव के उपाय करने चाहिए.

**ब्लड प्रेशर बढ़ाएगा परेशानी**-सर्दियों में ब्लड प्रेशर की समस्या तेजी से बढ़ते हुए देखी जाती है. सर्दी के मौसम में बीपी ज्यादा और गर्मी में लो होती है. दरअसल, कम तापमान के चलते रक्त वाहिकाएं अस्थायी रूप से संकीर्ण होते हैं. इससे ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है. संकुचित नसों और धमनियों के जरिए रक्त को प्रवाहित करने के लिए ज्यादा दबाव की जरूरत होती है. इसका हार्ट हेल्थ पर असर पड़ सकता है. इसी वजह से ठंड में हार्ट अटैक के केस ज्यादा पाए जाते हैं.

**डायबिटीज मरीजों की बढ़ती है समस्या**-सर्दियों में ब्लड प्रेशर ही नहीं डायबिटीज के मरीजों की परेशानी भी काफी हद तक बढ़ सकती है. तापमान में गिरावट होने के साथ कई डायबिटिक में ब्लड शुगर बढ़ जाता है. ठंडा मौसम शरीर का तनाव बढ़ा देता है, जिसके प्रतिक्रिया में शरीर ऊर्जा को बढ़ाने कोर्टिसोल जैसे स्ट्रेस हार्मोन रिलीज करता है. ये हार्मोन इंसुलिन प्रोडक्शन को कम कर ब्लड शुगर लेवल के बढ़ाते हैं. इस स्थिति में किडनी, लिवर, हार्ट पर निगेटिव असर पड़ सकता है. इसे कंट्रोल में रखने शरीर को ठंड से बचाकर समय-समय पर दवाईयां लेते रहना चाहिए.

## गंभीर मुद्दा

# बढ़ती अर्थव्यवस्था के बीच कर्ज का बोझ

**सुनील कुमार महला**



आईएमएफ की वर्ल्ड इकोनॉमी रैंकिंग 2023 सूची के मुताबिक, भारत 3.469 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और सरकार ने इसे पांचवें से तीसरे पायदान पर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है, यह बहुत ही काबिले-तारीफ है। वास्तव में किसी भी देश की ऊंची जीडीपी, जिसे सकल घरेलू उत्पाद भी कहा जाता है, यह दर्शाती है कि वह देश आर्थिक रूप से बहुत मजबूत है और स्थिर दर से बढ़ रहा है। जानकारी मिलती है कि 20 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की जीडीपी के साथ, संयुक्त राज्य अमेरिका दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके बाद एशिया महाद्वीप में चीन दूसरे नंबर पर, जापान तीसरे नंबर पर तथा भारत चौथे नंबर पर है। वैसे जर्मनी (यूरोप महाद्वीप) चौथे नंबर पर है। भारत जैसे देश में बचत करने की शुरू से ही एक परंपरा रही है, हर कोई बचत में विश्वास करता है। हमारे देश में राजकोषीय अनुशासन भी देखने को मिलता है। अतः हम यह बात कह सकते हैं कि मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों, मजबूत घरेलू मांग, राजकोषीय अनुशासन, उच्च बचत दरों और जनसांख्यिकीय रुझानों के साथ, भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि आज, भारत के प्रमुख आर्थिक योगदानकर्ता पारंपरिक और आधुनिक कृषि, प्रौद्योगिकी सेवाएँ, हस्तशिल्प उद्योग और व्यवसाय आउटसोर्सिंग हैं। एक बिलियन से अधिक की आबादी द्वारा उत्पन्न 3.4 ट्रिलियन डॉलर से अधिक की अनुमानित जीडीपी के साथ, भारत दुनिया में सबसे अधिक जनसंख्या-आधारित अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। इसके अतिरिक्त, पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि आर्थिक सर्वेक्षण के पूर्वानुमान के अनुसार, भारत के 2023-24 में 6.5त्न की वृद्धि हासिल करने की संभावनाएं हैं। बावजूद इन सबके देश पर बढ़ते कर्ज के प्रति सरकार को सतर्क रहने की आवश्यकता है।

मीडिया रिपोर्टों से यह पता चलता है कि देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है।

अगर हम यहां पर विदेशी कर्ज की बात करें तो वर्ष 2014-15 में भारत पर विदेशी कर्ज 31 लाख करोड़ रुपए था। वर्ष 2023 में भारत पर विदेशी कर्ज बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। जानकारी मिलती है कि इस वर्ष मार्च में देश पर कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था, यानी बीते 6 महीने में 5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेताया है कि सरकार अगर इसी रफ्तार से कर्ज लेती रही तो देश पर जीडीपी का 100 फीसदी कर्ज हो सकता है और ऐसा हुआ तो सरकार के लिए कर्ज का भुगतान करना मुश्किल होगा। वैसे पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि यूं तो घाटे के बजट वाली अर्थव्यवस्था को प्रगतिशील माना गया है, लेकिन कर्ज अधिक होने के कारण ब्याज देनदारी भी अधिक होगी और ब्याज देनदारी अधिक होने के कारण किसी भी देश पर भुगतान करने का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। हालांकि वित्त मंत्रालय ने आईएमएफ रिपोर्ट पर असहमति जताते हुए यह बात कही है कि वर्ष 2002 की तुलना में कर्ज कम है। वित्त मंत्रालय ने एक बयान जारी करते हुए कहा है कि आईएमएफ का भारत पर सौ प्रतिशत कर्ज का? अनुमान ग़लत है। वर्तमान में भारत पर जो कर्ज है वह रूपए में है, इसलिए यह चिंता की बात नहीं है। गौरतलब है कि इस संबंध में मंत्रालय ने यह कहा है कि सरकारी कर्जा (राज्य और केंद्र दोनों सहित) वित्त वर्ष 2020-21 में लगभग 88 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में लगभग 81 प्रतिशत हो गया है। यह कर्जा अभी भी 2002 की तुलना में कम है। यहां यह भी जानकारी पाठकों को देना चाहूंगा कि इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड यानी (आईएमएफ) ने भारत को स्टार परफॉर्मर बताया है। आईएमएफ ने यह कहा कि इस साल ग्लोबल ग्रोथ में भारत 16त्न से अधिक योगदान दे सकता है। डिजिटलीकरण और बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में



आर्थिक सुधारों के कारण भारत की विकास दर मजबूत बनी हुई है। यह ठीक है कि भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से विकास कर रही है, लेकिन बढ़ता हुआ कर्ज देश की अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता हैं। हाल ही के वर्षों में ही हमने यह देखा है कि किस प्रकार से पाकिस्तान व श्रीलंका जैसे देशों में अर्थव्यवस्था का संकट गहरा गया और विदेशी कर्ज के चलते इन देशों की अर्थव्यवस्था बेटपरी हो गई। हमने देखा कि श्रीलंका ने आर्थिक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और कृषि संकट के कारण अभूतपूर्व संकट का सामना किया और पाकिस्तान की आज हालत क्या है, यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। पाकिस्तान और श्रीलंका ही नहीं, तुर्की, स्पेन की सरकार का संकट भी हमने देखा है। आज हमारे देश में फ्रीबीज कल्चर हावी है। जानकारी देना चाहूंगा कि फ्रीबीज़ वे वस्तुएँ और सेवाएँ हैं जो उपयोगकर्ताओं को किसी सरकार विशेष द्वारा बिना किसी शुल्क के मुफ़्त में प्रदान की जाती हैं। इनको आमतौर पर अल्पावधि में लक्षित आबादी को लाभान्वित करने के उद्देश्य से प्रदान किया जाता है। उन्हें प्रायः मतदाताओं को लुभाने या लोकलुभावन वादों के साथ रिश्वत देने के एक तरीके के रूप में देखा जाता है। वास्तव में फ्रीबीज कल्चर देश व समाज के लिए बहुत ही घातक है और इस संबंध में स्वयं हमारे देश के प्रधानमंत्री कह चुके हैं। फ्रीबीज कल्चर के कारण आज सरकारों पर कर्ज बढ़ने का खतरा और अधिक बढ़ गया है। जानकारी देना चाहूंगा कि

एक रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 2.47 लाख करोड़ डॉलर (205 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था। इनमें केंद्र सरकार का कर्ज 161.1 लाख करोड़ है, तो कुल कर्ज में राज्य सरकारों की हिस्सेदारी 50.18 लाख करोड़ रुपये है। मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि वर्ष 2014 में केंद्र सरकार पर कुल कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए था, जो सितंबर 2023 तक बढ़कर 161 लाख करोड़ हो गया है। इस हिसाब से देखें तो पिछले 9 साल में भारत सरकार पर 192त्न कर्ज बढ़ा है। इसमें देश और विदेश दोनों तरह के कर्ज शामिल हैं। इसी तरह अब अगर विदेशी कर्ज की बात करें तो 2014-15 में भारत पर विदेशी कर्ज 31 लाख करोड़ रुपए था। 2023 में भारत पर विदेशी कर्ज बढ़कर 50 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। बहरहाल ,भारत की कुल आबादी 142 करोड़ मान ली जाए तो आज के समय में हर भारतीय पर 1.40 लाख रुपए से ज्यादा का कर्ज है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि वर्ष

2004 में जब मनमोहन सिंह की सरकार बनी तो भारत सरकार पर कुल कर्ज 17 लाख करोड़ रुपए था। 2014 तक तीन गुना से ज्यादा बढ़कर ये 55 लाख करोड़ रुपए हो गया। आकार के हिसाब से बेशक भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं बड़ी इकोनॉमी है, लेकिन लगातार कर्ज का बढ़ना सरकार के लिए नया संकट खड़ा कर सकता है। बहरहाल,

देश के हर नागरिक पर 1.40 लाख रुपये का कर्ज है। इसके मद्देनजर सरकार को यह चाहिए कि वे फ्रीबीज कल्चर वाली योजनाओं को तत्काल प्रभाव से बंद करें। अनावश्यक खर्च को बंद करने की जरूरत है। राजकोषीय व वित्तीय घाटे पर नियंत्रण की जरूरत है। ये अनुमानित लक्ष्य से अधिक नहीं होने चाहिए। फ्रीबीज योजनाओं के कारण आज बहुत सी सरकारें वित्तीय दबाव में नजर आती हैं। फ्रीबीज के नाम पर सरकारों को अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना बंद करना चाहिए। हालांकि यहां यह गौरतलब है कि आज के समय में जीएसटी कलेक्शन और प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि हुई है। बावजूद इसके सरकारों की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है। उल्लेखनीय है कि आज राज्यों की केंद्र पर वित्तीय निर्भरता लगातार बनी हुई रहती है। राज्य वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो रहे हैं। आज राज्यों के कर्ज लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। इसलिए सरकारों को यह चाहिए कि वे समय रहते कर्ज पर अंकुश लगाने की दिशा में काम करे। वास्तव में सरकार बढ़ते विदेशी कर्ज के प्रति हमेशा सतर्क और सजग रहे तो यह देश व समाज के लिए अच्छा है।

## एक नजर

### भीरावाही के नत्थूराम को मिली 1 लाख रुपए की बोनस राशि



**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा आज वर्ष 2014-15 और 2015-16 के धान खरीदी की बकाया राशि सीधे प्रदेश के किसानों के खाते में अंतरित की गई, इससे जिले के लाभान्वित होने वाले किसानों में खुशी की लहर है। उक्त समारोह में लाभान्वित होने वाले किसानों में से कांकेर विकासखंड के ग्राम भीरावाही के किसान श्री नत्थूराम जैन भी हैं, जिनके खाते में 01 लाख रुपए की बकाया बोनस राशि जमा हुई। उन्होंने कहा कि बकाया बोनस राशि मिलने से हम सभी किसानों को बहुत फायदा होगा और खेती किसानी के अलावा और अन्य ज़रूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी के फैसले का भी किसानों को बहुत राहत मिल रही है। उन्होंने किसान हितैषी निर्णय के लिये माटीपुत्र किसानों के लिए संवेदनशील मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद दिया।

### इज़ुराम को मिला पक्का मकान

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 दिसम्बर।** 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत जिले के कांकेर विकासखंड के ग्राम तालाकुर्रा में आयोजित शिविर में 'मेरी कहानी मेरी ज़ुबानी' के जरिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थी श्री इजु राम जैन ने अपने अनुभव साझा किए। श्री जैन ने बताया कि पहले उनका घर कच्चे मिट्टी से बना हुआ था। बरसात के मौसम में पानी टपने के साथ घर गिरने का भी डर लगा रहता था। श्री इजुराम ने बताया कि वर्ष 2018-19 में उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली और आज उनके पास पक्का मकान है। उन्होंने बताया कि पक्का आवास बन जाने से उन्हें बरसात के समय होने आने वाली दिक्कतों और अन्य परेशानियों से छुटकारा मिला है। श्री जैन ने आवास योजना के अंतर्गत मिले आवास के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद दिया।



# विकसित भारत संकल्प यात्राः तालाकुर्रा एवं कोकानपुर के ग्रामीण शासकीय योजनाओं से हुए लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 दिसम्बर ।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कांकेर तहसील में पहला आयोजन 25 दिसम्बर को ग्राम पंचायत तालाकुर्रा में हुआ। वहीं दूसरा आयोजन ग्राम पंचायत कोकानपुर में किया गया। इस दौरान आयोजित शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को केंद्र शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं से लाभान्वित करने हितग्राहियों के आवेदन भी लिए गए। केंद्र की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों द्वारा मेरी कहानी मेरी जुबानी के जरिए उपस्थितजनों को योजना और उससे होने वाले लाभ के बारे में बताया गया। कृषि विभाग के स्टाल में प्रधानमंत्री सम्मान निधि हेतु श्री अवध राम पिता दुलारू एवं श्री महेश पिता आनन्द राम के द्वारा आवेदन दिया गया, जिसका तत्काल निराकरण किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के नए हितग्राहियों को गैस कनेक्शन का वितरण भी किया गया। केंद्र सरकार की योजनाओं के प्रचार-प्रसार और हितग्राहियों से संवाद के लिए पहुंची यात्रा का स्वागत ग्राम पंचायत की महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा स्वागत गीत गाकर किया गया। साथ ही महिलाओं ने लघु नाटक 'धरती कहे पुकार के' की मार्मिक प्रस्तुति देकर लोगों को रासायनिक खाद के नुकसान और जैविक खाद के अधिक से अधिक उपयोग हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष श्री रामचरण कोर्राम, जनपद सदस्य श्रीमती डिकुन लता साहू, कोदागांव के सरपंच पंचू राम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण उपस्थित थे।



### सुशासन दिवस पर कृषकों को मिली 94 करोड़ 59 लाख रुपये से अधिक की बोनस राशि

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 दिसम्बर।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न से सम्मानित श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा धान उत्पादन प्रोत्साहन योजना के राशि वितरण कार्यक्रम के तहत खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले कुल 76 हजार 555 पंजीकृत किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल के मान से 94 करोड़ 59 लाख 08 हजार 826 रूपये की राशि का अंतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। इस दौरान लाभार्थी किसानों को कांकेर विधायक श्री आशाराम नेताम ने बोनस राशि अंतरण का प्रमाण-पत्र भी वितरित किया गया। उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस योजना के तहत जिले की 35 समितियों में खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 में 42 हजार 807 पंजीकृत किसानों को 54 करोड़ 61 लाख 84 हजार 713 रूपए की बोनस राशि वितरित की जा रही है। इसी प्रकार खरीफ विपणन वर्ष 2015-16 में 33 हजार 748 किसानों को 39 करोड़ 97 लाख 24 हजार 113 रुपए की बोनस राशि का भुगतान किया जा रहा है। इस प्रकार जिले के कुल 76 हजार 555 किसानों को 94 करोड़ 59 लाख 08 हजार 826 रूपये की बोनस राशि डीबीटी के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर ग्राम बेंद्री (अभनपुर) से आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राशि का अंतरण किया, साथ ही प्रदेश के किसानों से सीधा संवाद भी किया। इसी तरह जिले में विकासखंड स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों द्वारा हितग्राही किसानों को धान उत्पादन प्रोत्साहन राशि का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया।

# सुशासन दिवस पर मोदी की गांरटी पर लगी मुहर किसानों को मिली दो साल की बकाया बोनस राशि

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 26 दिसम्बर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती 25 दिसम्बर को पूरे प्रदेश सहित सुकमा जिले में सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा सुशासन दिवस पर प्रदेश के किसानों से किए एक और वादे को पूरा करते हुए मोदी की गारंटी को पूरा किया गया। मुख्यमंत्री श्री साय कृषकों के लम्बित बोनस वितरण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा के साथ जुड़ें। कार्यक्रम में सुकमा जिले के खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 में धान बेचने वाले कृषकों के 9 करोड़ 89 लाख 21 हज़ार रुपये लम्बित बोनस राशि वितरण किया गया। इसी दिन जिले में नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों एवं शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस भी मनाया गया। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 में सुकमा जिले के 2,733 किसानों ने 1 लाख 66 हज़ार 179 क्विंटल धान की लंबित बोनस राशि 300 प्रति क्विंटल दर से 4 करोड़ 98 लाख 54 हज़ार रुपये और इसी प्रकार खरीफ विपणन वर्ष 2015-16 में जिले से 2,549 किसानों ने 1 लाख 63 हज़ार 556 क्विंटल धान बेचा गया। जिसकी लंबित बोनस राशि 300 प्रति क्विंटल दर से 4 करोड़ 90 लाख 67 हजार रुपये राशि का अंतरण सुशासन दिवस के अवसर पर किया गया। साथ ही किसानों को बोनस वितरण राशि प्रमाण पत्र दिए गया। अटल सुशासन दिवस के अवसर पर धान बोनस राशि वितरण समारोह शबरी ऑडिटोरियम कुम्हाररास सुकमा में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि श्री धनीराम बारसे, विशिष्ठ अतिथि श्रीमती राधा मंडावी, अध्यक्षता श्री डमरू राम नाग, श्री नुपुर वैदिक, भुवनेश्वरी यादव, श्री विश्वराज सिंह चौहान, श्री महेंद्र भदौरिया, श्री संजय सोढ़ी, सुश्री दीपिका सोढ़ी, श्री दिलीप पैदी और कलेक्टर श्री हरिस एस, सीईओ जिला पंचायत श्री डीएन कश्यप सहित बड़ी संख्या में किसान व ग्रामीण उपस्थित थे।



## समाचार संक्षेप

### भाजपा गीदम मण्डल के कार्यकर्ताओ ने सुशाशन दिवस पर कंबल एवं फ़ल वितरण किया



**गीदम 27 दिसम्बर।** भाजपा जिला अध्यक्ष व विधायक चैतराम ने कहा की आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न,छत्तीसगढ़ के निर्माता स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती को हर वर्ष की तरह सुशासन दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रिय,प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार संगठन द्वारा मण्डल स्तर पर विभिन्न सेवा कार्यक्रम कर मना रही है एवं अपने जन घोषणा पत्र में किसानों से किये हुए वायदे 2 साल का बकाया बोनस किसानों को देने जा रही है।आज नगर पंचायत गीदम,कृषि उपज मंडी हारम एवं बालूद के विभिन्न कार्यक्रमों में विधायक चैतराम मौजूद रहे 7 भाजपा मण्डल अध्यक्ष गीदम राजेश कश्यप ने कहा की मोदी की गारंटी पर भरोसा कर जनता प्रदेश में सुशासन की सरकार लेकर आई है इसी तारतम्य में भाजपा मण्डल गीदम द्वारा उत्कृष्ट कवि,लेखक ,विचारक भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर हारम में संचालित वृध्दाश्रम में वृध्द माताओं को कंबल एवं अस्पताल गीदम में फल वितरित कर जंयती मनाई गई। इस दौरान भाजपा के मण्डल पदाधिकारी ,युवा मोर्चा के पदाधिकारी समेत समस्त वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्तागण उपस्थित हुए।

### सुशासन दिवस पर जिले के नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में हुए कार्यक्रम



**सुकमा 26 दिसंबर।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया, राज्य शासन आदेशानुसार 25 दिसंबर को जिले के विकासखंड सुकमा, छिंदगढ़ और कोंटा के ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों, शासकीय कार्यालयों में सुशासन दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सोमवार को ग्राम पंचायतों में अटल चौक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर, दीप प्रज्जवलन पश्चात् उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी एवं कर्मचारीगण सहित आम जनता द्वारा तथा ग्राम पंचायतों में सुशासन स्थापित करने का संकल्प भी लिया गया।

### हौसले और बुलंद इरादे को मिला 36 आइकन अवार्ड



**रायपुर 26 दिसंबर।** रविवार को होटल बेबीलान इन मे लायंस क्लब , मधु फाउंडेशन व अनिल ज्योतसिंघानि के तत्वाधान मे 36 आइकॉन अवार्ड शेरोमनी का भव्य आयोजन हुआ आयोजन मे मुख्य रूप से उन लोगो को नॉमिनट किया गया जो मानवीय मुलो और सामाजिक जनसरोकार और परोपकार की भावना को अंगीकार कर उल्लेखनीय कार्य कर रहे है! समाज देश और महिला सुरक्षा सामजिक न्याय, स्वास्थ्य,एजुकेशन, फैशन शो, दलित शोषित लोगो की सेवा सहित विभिन्न विभिन्न क्षेत्रो मे प्रत्यक्ष रूप से कार्यक्रम कर रहे है कार्यकम मे फैशन के क्षेत्र मे पिछले 13 वर्षो से कार्य कर रही भिलाई की टी जया रेड्डी जी जो महिलाओ को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिअलग अलग मंच प्रदान करते आ रही है उन्हें भी फैशन के क्षेत्र मे बेस्ट फैशन आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया हाल जी वो त्रिमूला तेलगु महिला समाज की अध्यक्ष एवं जे के फाउंडेशन की डायरेक्टर है। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के तौर पर उत्तर विधानसभा के विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा जी, भाजपा के प्रवक्ता अमित चिमनानी,कलिंगा यूनिवर्सिटी के उपकुलपति डॉक्टर संदीप गांधी की गरिमामयी उपस्तिथि मे सम्पन्न हुआ।




**रायपुर 26 दिसंबर।** भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष किरण देव एवं मंत्री केदार कश्यप के प्रथम चारामा नगर आगमन पर कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत ।

# दीपयज्ञ में सम्मिलित हुए विधायक इंद्रकुमार साहू

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**अभनपुर 26 दिसंबर।** अभनपुर ब्लॉक के ग्राम खोरपा के गायत्री मंदिर परिसर के समीप हाईस्कूल मैदान में स्थित गोठान पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में तथा ग्राम खोरपा व ग्राम भटगांव वासियों के सहयोग से 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन 23 से 26 दिसम्बर तक किया गया है, जो 23 दिसम्बर को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। कलशों पर जल भरकर ग्राम की महिलाओं द्वारा गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ स्थल पर पहुंचकर विधिवत पूजन कर कलश स्थापित किया गया। द्वितीय दिवस 24 दिसम्बर को प्रातःकाल ध्यान साधना के उपरांत शांतिकुंज से पधारे ऋषिपुत्रों के द्वारा देवमंच से वैदिक मंत्रोच्चार से देवताओं से आह्वान करते हुए यज्ञ कुण्ड में अग्नि प्रज्जवलित कराई गई जिसमें उपस्थित भक्तगणों ने यज्ञ किया।

कार्यक्रम के तीसरे दिन 25 दिसम्बर को प्रातः काल सैकड़ों लोगों ने गायत्री मंत्र, महामृत्यंजय मंत्र, सूर्य मंत्र एवं नवग्रह मंत्र के साथ हवन कुण्ड में श्रद्धापूर्वक आहुतियां समर्पित किया। दोपहर को भोजन के पश्चात प्रज्ञापुराण का क्रम चला। शांतिकुज से पधारे मुख्य वक्ता श्री योगेश पटेल ने प्रज्ञा पुराण के महत्व को बताते हुए कहां कि मनुष्य एक भटका हुआ देवता है यदि वह सही दिशा पर चल सके, तो उससे बढ़कर श्रेष्ठ और कोई नहीं है। इस हेतु उसे केवल सही मार्गदर्शक की आवश्यकता है जो उसे सही राह बता सके। गांवो की स्थिति में उन्होंने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। आज गांवों की स्थिति बड़ी खराब है। गांव दुबले होते चले जा रहे हैं और शहर मोटे होते जा रहे हैं। हमारा विकास एकांगी हो रहा है। हम भौतिक क्षेत्र में ही विकास कर रहे हैं। हमारा आध्यात्मिक विकास नगण्य है। इसीलिए हम सफलता के पायदान पर नहीं पहुंच पाते है। उन्होंने गांवों के विकास पर जोर देते हुए कहा कि हम पुनः गांवों की और लौटें। गांवों को आदर्श गांव बनाने के कुछ सूत्र युगऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने दिए है। जिसे हमें अपनाना होगा। यह सूत्र है - संस्कार युक्त गांव, दूसरा व्यसन मुक्त गांव, शिक्षित गांव, स्वस्थ गांव, स्वच्छ गांव, छठा स्वावलंबी गांव व सहयोग व सहकार की भावना से युक्त गांव। गांवों में कुटीर उद्योग को बढ़ावा दें। इससे ग्रामवासी स्वावलंबी बन सकें। हमारे देश में दो तंत्र है। एक कृषि तंत्र व दूसरा ऋषि तंत्र और दोनों ही तंत्र कमजोर हो गए हैं। इस कारण गांवों का विकास रुक गया है। गांव व्यसन मुक्त होना चाहिये। यदि गांवों का सर्वे किया जाए तो 80 से 85 प्रतिशत नशे की लत में मिलेंगे। गांव के लोगों को व्यसन मुक्त करें। ताकि हर व्यक्ति मेहनत व परिश्रमी बन सके।

# मौसम में बदला तो जलने लगे अलाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 26 दिसम्बर।**मौसम में आए बदलाव के कारण पूरे छत्तीसगढ़ सहित सुकमा जिले में इन दिनों सुबह-शाम शीतलहर और सर्दी तेज होने लगी है। इसके चलते नगरी निकाय सहित विकासखंडों में नगरपालिका द्वारा अलाव जलाने की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। कलेक्टर श्री हरिस. एस ने नगरपालिका अधिकारी को समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। जिले में बीते चार-पांच दिनों से सुबह-शाम सर्दी का अहसास होने लगा है। इसका लोगों की दिनचर्या में भी परिवर्तन हो रहा है। सुबह -शाम भी गलन महसूस होने से लोग अलाव का सहारा लेने लगे है। गांवों में भी लोगों को जगह-जगह अलाव तापते हुए देखा जा सकता है। शाम होते ही ठंडक बढ़ने लगती है। सार्वजनिक स्थानों में गई व्यवस्था- आम जनता को ठंड से राहत मिल सके। इसके लिए जिला प्रशासन ने बस स्टेण्ड, सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाई जा रही है। जहां लोग आग तापते देखें जा सकते है। वही नगरीय निकाय चिन्हांकित जगहों पर भी अलाव की व्यवस्था की गई है। इसी प्रकार जिले के कोंटा और छिंदगढ़ में भी लोगों को सर्दी से राहत देने के लिए अलाव की व्यवस्था की गई है।



### बोनस राशि मिलने से उत्साहित हुए छबिलाल

**उत्तर बस्तर कांकेर, 26 दिसम्बर।** जिले के कांकेर विकासखंड के ग्राम पुसवाड़ा निवासी श्री छबिलाल नाग को आज सुशासन दिवस के अवसर पर आयोजित धान बोनस राशि वितरण समारोह के दौरान 49 हजार 680 रुपए की बोनस राशि उनके बैंक खाते में अंतरित हुई। श्री नाग ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2014-15 में 74 क्विंटल और वर्ष 2015-16 में 91 क्विंटल धान बेचा था। उन्हें पहले उम्मीद नहीं थी कि श्री साय की सरकार बनने के तुरंत बाद ही बोनस की राशि मिल जाएगी। किसान श्री नाग ने बताया कि बोनस राशि मिलने से उन्हें बहुत राहत मिली है। अब वे इस राशि का उपयोग खेती-बाड़ी के कार्यों में लगाकर अपनी फसल को और अधिक उन्नत बनाकर आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने किसानों के हित में बोनस राशि वितरण और 3100 रुपए में धान खरीदी के निर्णय के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार के आते ही 'मोदी की गारण्टी' का उदाहरण देखने को मिल रहा है।



# भाजपा ने अटल बिहारी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

**रायपुर 26 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संस्थापक सदस्य भाजपा के पितृ पुरुष भारत के पूर्व प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ निर्माता स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 99वीं जन्म जयंती को भारतीय जनता पार्टी विशेष रूप मनाया 25 दिसंबर 1924 को अटल बिहारी वाजपेई का जन्म ग्वालियर में हुआ वे 3 बार भारत के प्रधानमंत्री रहे और 9 बार सांसद भी रहे वे भाजपा मुख्य संस्थापक सदस्य थे जो आज विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है ।

सोमवार 25 दिसंबर को अटल जी के जन्म जयंती के अवसर पर भाजपा द्वारा पूरे देश में विभिन्न आयोजन किए गए सभी कार्यक्रमों का आयोजन अलग अलग स्तर पर आयोजित किया गया राज्य स्तरीय , जिला स्तरीय सहित संगठन की सूक्ष्म इकाई बूथों तक अटल जी की जन्मजयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया रायपुर शहर जिला द्वारा भी अटल जी की जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष जयंती पटेल के नेतृत्व में शहर जिला भाजपा एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया सुबह से ही विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसमे प्रमुख रूप से सुबह 8 बजे अन्य पिछड़ावर्ग मोर्चा द्वारा सुनील चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महतराई चौक कलेक्ट्रेट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। उसके पश्चात सुबह 10 बजे ए.टी.एम. चौक अवंती विहार में अटल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया 11 बजे से बूथों में उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण और व्यक्तित्व स्मरण का आयोजन किया गया , दोपहर 12 बजे से युवामोर्चा के तत्वाधान में गोविंदा गुप्ता के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जहां 99वीं जयंती पर 99 यूनिट रक्तदान किया गया जयस्तंभ चौक पर आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से पश्चिम विधायक राजेश मूणत , प्रदेश मंत्री किशोर महानंद , प्रदेश प्रवक्ता संजय श्रीवास्तव , सच्चिदानंद उपासने , नलिनेश ठोकने , जिला अध्यक्ष जयंती पटेल , प्रफुल्ल विश्वकर्मा , डॉ. सलीम राज , ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई । महिला मोर्चा द्वारा अध्यक्ष सीमा संतोष साहू के नेतृत्व में सुंदर नगर स्थित वृद्धाश्रम में फल एवं कंबल वितरण का आयोजन किया गया । किसान मोर्चा द्वारा किसानों के हित में केंद्र शासन और छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिए गए सकारात्मक निर्णयों के प्रति आभार का कार्यक्रम रखा गया ।और साथ ही उनकी जयंती पर एक विशिष्ठ काव्यांजलि कवि सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम दिनाँक 25 दिसंबर समय शाम 7 बजे से प्रारंभ हुआ काव्यांजलि कवि सम्मेलन में कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के प्रख्यात कवि डॉ.सुरेंद्र दुबे , रामानंद त्रिपाठी , किशोर तिवारी और अन्नपूर्णा पवार आहुति द्वारा कविता प्रस्तुति दी गई स्व.अटल जी दमदार राजनीतिज्ञ होने के साथ ही साथ स्थापित कवि भी थे हिंदी साहित्य और कविता के क्षेत्र में उनकी गहरी पकड़ रही और कवि कुल भी उन्हें अपने पुरुधा के रूप में ही मानता है । पं.दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित काव्यांजलि कवि सम्मेलन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपस्थित रहे , कार्यक्रम का विशिष्ठ आतिथ्य लोकसभा सांसद सुनील सोनी , ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू , धरसीवां विधायक अनुज शर्मा , अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू और आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब का रहा कुशाभाऊ पत्रकारिता विश्वविद्यालय के कुलपति बलदेव शर्मा जी ने सुशासन दिवस पर अटल जी से संबंधित अपना विशिष्ठ संबोधन उपस्थित जनमानस के सामने रखा ।



## एक नजर



### शिशु संस्कार केंद्र में मनाया गया वार्षिक उत्सव

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिले के कलेक्टर प्रभात मलिक ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में प्रथम दिवस प्री-प्रायमरी से कक्षा 7वीं तक के बच्चों के कार्यक्रम आयोजित किए गए 23 दिसंबर को हाईस्कूल एवं उच्चतर माध्यमिक विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी रंगारंग प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय समिति के सचिव शरद जैन द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। एवं पारस चोपड़ा द्वारा छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य हेतु उद्बोधन दिया गया व प्रबंधक मनोहर महांती द्वारा बच्चों को उनकी प्रगति के लिए आर्शीवाद प्रदान किया गया।

इस अवसर पर समिति सदस्य डॉ विजय कापसे, सुभाष बाफना, मनोहर पींचा उपस्थित रहे। प्रथम दिवस 22 दिसंबर को कक्षा नर्सरी से सातवीं तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सबका मनमोह लिया। कार्यक्रम का संचालन भावना गांधी ने किया। दूसरे दिन 23 दिसंबर की प्रस्तुति कक्षा आठवीं से कक्षा बारहवीं के छात्र छात्राओं द्वारा दी गई। जिसमें बीहू डांस, मराठी डांस, ओडिया डांस, पंजाबी डांस के साथ-साथ अन्य क्षेत्रीय भाषाओं के डांस प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की भूतपूर्व छात्रा खुशबू ध्रुव द्वारा भरत नाट्यम का प्रदर्शन किया गया। साथ ही विद्यालय के पूर्व छात्र-छात्रा वर्तमान विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने शिक्षकों के लिए उन्हें समर्पित करते हुए एक नृत्य प्रस्तुत किया।

### पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया



**महासमुंद।** पूर्व प्रधानमंत्री व भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर उनके छायाचित्र में माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर आज सुबह से ही व्यापक स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई। जिला मुख्यालय स्थित अंबेडकर चौक से बस स्टैंड, वहां से महामाया तालाब में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने हाथ में झाड़ू थामकर सफाई अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पवन पटेल, पार्षदगण महेंद्र जैन, मीना वर्मा, हेमलता यादव, मंगेश टाकसाले, राजेश नेताम, मुन्ना देवार, राजू चंद्राकर व संदीप दीवान अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी टॉमसन रात्रे, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, मिशन क्लीन सिटी और यहां के कर्मचारियों ने स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई।

### मोदी की गारंटी से मिला हमें बोनस, बेटी की शादी में मिलेगी आर्थिक मदद

**रायगढ़, 26 दिसम्बर।** अटल सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने जैसे बटन दबाकर किसानों के खाते में बकाया धान बोनस राशि का ट्रांसफर किया। वैसे ही रायगढ़ जिले के ग्राम नंदेली के कृषक श्री प्रदीप पटेल के खाते में 1 लाख 8 हजार रूपये हस्तांतरित हुआ तो उसके चेहरे में खुशी की चमक दिखाई दी। उन्होंने कहा वाकई यह मोदी की गारंटी है, जो हमें दो साल का बोनस मिला है। यह बोनस राशि मेरी बेटी की शादी में काम आयेगी। जो मेरे लिए कल तक एक चिंता बनी हुई थी। आज वह दूर हुई। इसी तरह बड़े भंडार के कृषक श्री हिन्द किशोर प्रधान ने कहा हमने सोचा नहीं था कि आज हमें इस तरह से पुराना बोनस राशि मिलेगा। यह पैसा हमारे लिए खेती-किसानी में मददगार साबित होगा। पुसौर ब्लाक के मिडमिड़ा गांव के किसान श्री तारण साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने जो किसानों से वादा किया था आज वह कर दिखाया हमें दो 2 साल का बकाया बोनस देकर। उन्होंने कहा कि मिले बोनस राशि का उपयोग मैं उन्नत कृषि के लिए करूंगा। बोनस राशि प्राप्त जिले के सभी किसानों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# भाजपा ने अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन सुशासन दिवस के रूप में मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया,26 दिसंबर ।** भाजपा द्वारा 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस पर राज्य शासन के आदेश पर नगर पालिका द्वारा सुशासन दिवस मनाने के लिए नगर पालिका के मुख्य द्वार पर स्थित अटल गार्डन पर स्वर्गीय अटल बिहारी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया जिसमे प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दीनदयाल अग्रवाल, विधानसभा प्रत्याशी महेश साहू, कमल गर्ग, सतीश अग्रवाल ने अटल बिहारी वाजपेयी अमर रहे के नारों से गुंजायमान होता रहा। आपको बता दे कि छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी थे। इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं द्वारा माननीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माला अर्पण किया गया दीप प्रज्वलित किया गया वहां भी नगर के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके बाद नगर पालिका में स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को



श्रद्धांजलि देने के लिए बैठक रखी गई पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग द्वारा टाउनहॉल के मुख्य द्वार पर बनी

अटल बिहारी वाजपेयी वाटिका में अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थापित करने के लिए प्रस्ताव पास किया गया था परंतु कांग्रेस सरकार आने के बाद उक्त फाइल को बंद कर दिया गया उन्होंने नगर पालिका के अधिकारियों से कहा है कि उस फाइल को निकाल करके माननीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा की स्थापना जल्द से जल्द की जाए। आपको बता दे कि पूर्व में दीनदयाल उपाध्याय की आदमकद प्रतिमा का अनावरण माननीय अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा किया गया था । लखीराम अग्रवाल के नगर पालिका अध्यक्ष होने के बाद से स्कूलों व महाविद्यालय का सफल संचालन किया जाता रहा है जिसकी प्रशंसा स्वयं अटल बिहारी वाजपेयी ने टाउनहॉल के अपने भाषण में कही था। आज के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दीनदयाल अग्रवाल, कमल गर्ग, महेश साहू, सतीश अग्रवाल, गिरधारी गबेल, रतन अग्रवाल, श्रवण श्रीवानी, हरेराम चंद्रा, आनंद अग्रवाल, बंटी सोनी, मुकेश गर्ग, राकेश धृतलहरे, आलोक, उमाशंकर, चीनू, सौरभ सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विकास के मुद्दे पहली प्राथमिकता में शामिल:गोमती साय

**पत्थलगांव, 26 अक्टूबर।** बेटी गांव आयी है,अपने साथ विकास के मुद्दे को पहली प्राथमिकता मे शामिल कर ली है,40 सालो तक जिस विकास की बाट शहरवासी देख रहे थे,अब पांच सालो मे शहर का विकास जनता स्वयं देखेगी। छत्तीसगढ अटल बिहारी बाजपेयी की आधारशीला है,यहा के शहर कस्बो को संवारना हमारी जवाबदारी है,हम स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की यादो को कभी भुलने नही देंगे। यह बातें शहर के अपने पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुये तेज तर्रार नवनिर्वाचित विधायक गोमती साय ने नगर पंचायत परिसर मे सैकडो लोगो को संबोधित करते हुये कही। दरअसल आज भाजपा की घोषणा के अनुरूप शहर मे सुशासन दिवस मनाया जा रहा था,जिसके तहत सभी शासकीय कार्यालय मे साफ-सफाई की बेहद चाक चौबंद व्यवस्था की गयी थी,नवनिर्वाचित विधायक गोमती साय यहा अनेक कार्यक्रमो मे शामिल हुयी। सर्वप्रथम उन्होने रायगढ रोड स्थित एक



कार्यक्रम मे भाग लेकर स्वच्छता को अपने जीवन मे शामिल करने की बात कही। उसके पश्चात उन्होने नगर पंचायत मे सुशासन दिवस पर आयोजित कार्यक्रम मे भाग लिया। मंच संचालन नगर पंचायत उपाध्यक्ष श्यामनारायण गुप्ता द्वारा किया जा रहा था,उनके द्वारा अतिथियों को फूलमाला एवं पुष्प गुच्छ से स्वागत कराया,इस मौके पर विधायक गोमती साय ने मौजुदा लोगो को स्वच्छता की शपथ दिलायी। नगर पंचायत के सी.एम.ओ प्रभाकर शुक्ला ने इस कार्यक्रम को बेहद गरिमामयी ढंग से संपन्न कराया।।

**विधायक ने बुजुर्गो का किया सम्मान-:** नगर पंचायत की स्वच्छता दीदीओ द्वारा विधायक की अगुवाई मे स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। विधायक गोमती साय ने सुशासन दिवस के मौके पर सबको बधायी देते हुये एक दर्जन बडे बुजुर्गो का शाल श्रीफल से सम्मान किया। नगर पंचायत के समस्त पार्षदो ने भी नवनिर्वाचित विधायक गोमती साय का सम्मान किया,इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष सुनील अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल,मंडल प्रभारी हरजीत सिंह भाटिया,मनीष अग्रवाल,प्रदीप गुप्ता, अजय बंसल,संजय लोहिया,सतीश गर्ग,बिश्शु शर्मा,रूपसिंह राठिया, अवधेश गुप्ता,अंकित बंसल, दामोदर शर्मा,कमलेश यादव,नरेश यादव,सौरभ शर्मा के साथ दर्जनो की संख्या मे भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यक्रर्ता मौजुद थे।।

**समाज के अंतिम छोर तक मिले लाभ-:** नगर पंचायत परिसर मे सुशासन दिवस का कार्यक्रम को समापन करने के दौरान राजस्व की अनुविभागीय अधिकारी सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने सुशासन दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुये पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी बाजपेयी की कविता प्रस्तुत की। उन्होने समाज के अंतिम छोर तक शासन की योजनाओ को पहुंचाना एवं उसका निस्वार्थ क्रियान्वन करने को ही सुशासन बताया। उनका कहना था कि शासन की योजनाओ से प्रत्येक व्यक्ति की तरक्की ही शासन को सुशासन का नाम देती है,जिसकी कल्पना स्व.अटल बिहारी बाजपेयी ने की थी।।

# देश में फैल रही कोविड की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग सतर्क रहे: छिकारा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबन्द, 26 अक्टूबर।** आज आयोजित समय सीमा की बैठक में जिलाधीश आकाश छिकारा ने विशेष रूप से अधिकारियों को निर्देशित किया कि लगातार देश मे कोविड महामारी की शिकायतें आ रही है इसे लेकर स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सतर्क रहें विशेष कर सर्दी खांसी बुखार आने वाले मरीजों की विधिवत जांच हो और समुचित दावों मरीज को प्रदान किया जाए इस पर विशेष ध्यान रखें । जिले में होने वाले विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर उन्होंने कहा क्षसभी शिविरों के समुचित निगरानी हेतु एस डी ओ एवं जनपद पंचायत के सीईओ को जवाबदारी सौपी गई ,साथ ही पी एम जनमन योजना के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों को



आवास सुविधा प्रदान करने हेतु विशेष रूप से ध्यान देने का निर्देश दिया ।इस अवसर पर उन्होंने यह भी कहा कमार मोहल्ला टोला गांव मे जिले के अंतर्गत इनकी संख्या 199 है जिसमें 20000 लोग चिन्नाकित लोग निवास करते हैं इनका जल्द से जल्द सर्वे कर इन्हें आवास प्रदान करने की योजना पर तत्काल अमल करना प्रारंभ करें साथ ही यहां रहने वालो को सर्व सुविधा युक्त पेयजल, स्वास्थ्य, सड़क, शिक्षा सचारँ की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए । जिलाधीश ने निर्देशित किया की प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी सभी प्रिंसिपल प्राथमिकता से प्रारंभ कर दें तथा आगामी दिनों में प्रिसिंपलो की एक आवश्यक बैठक आयोजित कर बच्चों की प्री बोर्ड की परीक्षा की तैयारी को लेकर समुचित देखरेख किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हो ग्रामीणों को समुचित इसका लाभ मिलना चाहिए तथा जो भी आवेदन आते हैं उनका रिकॉर्ड और उनके आवेदनों पर तत्काल कार्रवाई प्राथमिकता से करना है इस बात का विशेष ध्यान रखें ।साथ ही इन संकल्प यात्रा शिविरों में सभी अधिकारी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ।इस शिविर में आयुष्मान कार्ड, गैस सिलेंडर, कार्ड व के वी सी कार्ड का अधिक से अधिक वितरण हो इसका प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक हो, ग्रामीणों को जादा से जादा लाभ मिले शिविर में स्वच्छता पर भी विशेष ध्यान दें और लोगों के जो समय अनुकूल मौसमी बीमारियां होती है उसमे जागरूकता लाने का प्रयास करें

**जन चौपाल में मोतीराम कमार को मिला वन अधिकार पट्टा**

जिला कार्यालय के अंतर्गत जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधीश आकाश छिकारा ने मोतीराम कुमार तौरंगा निवासी को वन अधिकार पट्टा सौपा इस शिविर में विशेष रूप से आवास सड़क शिक्षक अतिरिक्त कमरा पुल पुलिया की प्रमुख मांगे शामिल रही ।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी की जयंती मनाई गई सुशासन दिवस के रूप में

**रायगढ़, 26 दिसम्बर।** पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर आज जिले भर में सुशासन दिवस मनाया गया। जिले में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित अटल चौक में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित किया गया।

सुशासन दिवस के अवसर पर नगर निगम क्षेत्र के पतरापाली के अटल चौक में पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद कर महापौर श्रीमती जानकी काटजू, पार्षद एवं पूर्व सभापति श्री सुभाष पांडेय, पार्षद एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री पंकज कंकरवाल, पार्षद शीनू राव, पार्षद श्री रूप चंद चौधरी,



पार्षद श्री नारायण पटेल, नगर निगम आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी, उपायुक्त श्री सुतीक्षण यादव एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने श्री वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सभी उपस्थित जनों ने प्रदेश में सुशासन के उच्चतम मापदंडों को स्थापित करने के लिए सदैव संकल्पित रहने, शासन को अधिक पारदर्शी, सहभागी, जनकल्याण केन्द्रित तथा जवाबदेही बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने तथा प्रदेश के नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाने के लक्ष्य को पाने के लिए सदैव तत्पर रहने हेतु सुशासन दिवस पर शपथ ली। कार्यक्रम में विशेष रूप से सफाई अभियान भी चलाया गया तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित फोटो प्रदर्शनी भी लगाई गई।

**ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों ने मनाया सुशासन दिवस**

जिले के ग्रामीण अंचलों में भी पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। ग्राम पंचायत परसदा के आश्रित ग्राम मुरालीपाली में सरपंच श्रीमती बेदकुंवर पटेल, पंच श्रीमती बसंत कुंवर पटेल, श्रीमति कुमारी पटेल श्रीमती शांति सागर एवं श्रीमती सुलोचना महंत, श्रीमती कमला सिदार, श्री खेमराज पटेल तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति में अटल चौक में सुशासन दिवस मनाया गया।

# मिला बकाया बोनस तो जिले के किसानों के चेहरे खिले

**बीजापुर 26 दिसम्बर।** 25 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर सुशासन दिवस मनाया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के यशस्वी मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश के किसानों को दो वर्ष सन् 2014-15 एवं 2015-16 के कृषि उत्पादन प्रोत्साहन राशि (बोनस) का अंतरण सीधे उनके खाते में किया। बीजापुर जिले के कुल 9050 कृषकों ने बोनस से लाभान्वित हुए जिसमें वर्ष 2014-15 के 5 हजार 391 कृषकों के उपार्जित धान 2 लाख 53 हजार क्विंटल पर 7 करोड़ 60 लाख रूपए एवं 2015-16 के 3 हजार 659 कृषकों को उपार्जित धान 1 लाख 66 हजार क्विंटल पर 5 करोड़ 1 लाख की राशि प्रदेश के मुखिया ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम अभनपुर के बेन्द्री में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने किसानों को उनके हक का पैसा देते हुए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधान



मंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के जयंती के अवसर पर यह भुगतान किया जा रहा है। आज का दिन सुशासन दिवस के रूप में ऐतिहासिक दिन है। आज प्रदेश के 11 लाख 76 हजार 815 किसानों को 3 हजार 7 सौ 16 करोड़ का बोनस वितरण किया जा रहा है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा सभी वर्गो के हितों में किए गए सभी घोषणाओं को इन 5 सालों में पूरा किया जाएगा। कोई भी घोषणा अधूरा नहीं रहेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं जिले में बोनस वितरण कार्यक्रम का आयोजन लैम्प्स भैरमगढ़, धान खरीदी केन्द्र नैमेड़, आवापल्ली और मद्देड़ में आयोजित हुआ जिसमें ग्रामीणों और किसानों ने मुख्यमंत्री के लाईव प्रसारण को भी देखा। धान खरीदी केन्द्र नैमेड़ में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री शंकर कुड़ियम, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ नागरिक श्री श्रीनिवास मुदलियार, श्री संजय लुक्कड़ एवं लव कुमार रायडू सहित कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा, सीईओ जिला पंचायत श्री रवि कुमार साहू, एसडीएम बीजापुर श्री पवन कुमार प्रेमी ने किसानों को बोनस की राशि का प्रतीकात्मक चेक एवं प्रमाण पत्र वितरण किया। 2 लाख 24 हजार का बोनस पाकर एरमनार के किसान कोरसा पाण्डु ने कहा उम्मीद से ज्यादा मिला मुख्यमंत्री जी को धन्यवाद- विकासखण्ड बीजापुर के एरमनार निवासी कृषक ने बोनस की राशि पाकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि उम्मीद से ज्यादा मिला मुख्यमंत्री जी आपको धन्यवाद कृषक पांडू कोरसा को दो वर्ष के बोनस के रूप में 2 लाख 24 हजार 880 रूपए प्राप्त हुए इन पैसो से बच्चों की शिक्षा एवं अन्य घरेलू उपयोग हेतु खर्च करने की बात कही पांडु कोरसा ने बताया हम तो भूल ही गए इस राशि को मिलेगा कि नहीं लेकिन प्रदेश के मुखिया ने जो वादा किया उसे निभाया जिससे किसानों के चेहरे खिल उठे किसानों के हित में यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। इसी तरह किसान संतोष पटेल बोनस के रूप में 74 हजार रुपए पाकर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इसके अलावा कृषक चंद्रशेखर, कोरसा, सोमलू, बंगाराम कोरसा, लच्छूराम ओयाम, मंगू कोरसा, मदन कश्यप, मंगू वाचम एवं डा. ओमेश्वरी देवांगन ने भी बोनस की राशि मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया।

## समाचार संक्षेप

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने जयंती पर अटल बिहारी वाजपेयी को याद किया



**बीजापुर, 26 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन के श्रीनिवास मुदलियार जी के तत्वावधान में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई गई। इस दौरान सभी ने उनके देश हित में किए गए कार्यो को याद किया।भाजपा नगर में स्थित भाजपा अटल सदन कार्यालय के अलावा अटल चौक बीजापुर में भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर माल्यार्पण कर मिठाई बांटी गई।

**फल व कम्बल का वितरण**-स्वर्गीय श्रध्देय अटल जी की जन्म जयंती के शुभ अवसर पर भाजपाइयों द्वारा जिला हॉस्पिटल बीजापुर में पहुंचकर मरीजों को फल व कम्बल वितरण किया गया और स्वास्थ्य का हाल-चाल जाना। इस दौरान जिला महामंत्री सतेंद्र सिंह ठाकुर जी,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुखलाल पुजारी जी,कोषाध्यक्ष संजय लुक्कड़ जी,किसान मोर्चा अध्यक्ष घांसीराम नाग जी,अशोक राव जी, जागर लचमैया जी, तिरुपति कटला जी, इकबाल खान जी, नंद किशोर राना जी,फूलचंद गागड़ा जी, प्रताप यादव जी एवं पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

### छोटू कुरसम की हत्या में शामिल 2 आरोपी गिरफ्तार

**बीजापुर, 26 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**



दिनांक 23/12/2023 को आत्मसमर्पित माओवादी किसन ऊर्फ छोटू कुरसम को उसके चाचा राजू कुरसम एवं अन्य 4-5 आरोपियों के द्वारा अपहरण कर हत्या कर दिये थे । घटना के फरार आरोपियों की पता तलाश में दिनांक 24/12/2023 को डीआरजी, बस्तर फाइटर एवं कोतवाली की संयुक्त टीम गोरना, मनकेली की ओर निकली थी । पुलिस पार्टी को घटना में शामिल 02 आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली 1- ग ु ड ड ु कुरसम पिता डुम्मा कुरसम उम्र 23 वर्ष निवासी कोकरा थाना बीजापुर जिला बीजापुर2- विधि से संघर्षरत बालकगुड्डु कुरसम मूलवासी बचाओ मंच का सदस्य है, साथ ही मूलवासी बचाओ मंच के 09 पंचायतों का प्रमुख है । पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ पर पता चला कि इनके द्वारा गोरना-मनकेली क्षेत्र के आत्मसमर्पित माओवादियों की लगातार रेकी की जा रही थी जिसके तहत् दिनांक 23/12/2023 को छोटू कुरसम का अपहरण कर हत्या की घटना को अंजाम दिये । घटना में शामिल फरार अन्य आरोपियों की पता तलाश जारी है । क्षेत्र में लगातार सघन गश्त सर्चिंग की जा रही है । प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया है । विधि से संघर्षरत बाल को किशोर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है ।

### रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन रोकथाम के लिए नदी घाटों के करीब लगाए जा रहे कम ऊंचाई के बेरियर

**रायगढ़, 26 दिसम्बर।** रेत और खनिज के अवैध परिवहन की रोकथाम के लिए नदी घाटों के करीब की सड़कों में कम ऊंचाई के बेरियर लगाए जा रहे हैं। इसके तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना क्रियान्वयन ईकाई-1 रायगढ़ द्वारा रायगढ नंदेली रोड से साल्हेपाली, बड़े भण्डार रोड से चंघोरी, तारापुर पचेड़ा से नावापारा एवं नंदेली से बायंग में कम ऊंचाई का बैरिकेटिंग लगाया गया है। जिससे भारी वाहनों की आवाजाही पर रोकथाम लगे। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने खनिज और पीएमजीएसवाय विभाग को रेत और खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन के रोकथाम के लिए नदी घाटों के करीब की सड़कों में कम ऊंचाई के बेरियर लगाने के निर्देश दिए थे। खनिज अधिकारी श्री योगेन्द्र सिंह ने बताया कि उक्त निर्देशों परिपालन के तहत खनिज विभाग द्वारा जिले में अवैध रेत उत्खनन प्रभावित एवं संवेदनशील क्षेत्र, तहसील-रायगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत-औराभांठा, तारापुर, बोकरामुडा, लेबड़ा, रामपुर तथा तहसील-पुसौर अंतर्गत ग्राम पंचायत-पड़िगांव का चिन्हांकन किया गया है।

### दो बम किए निष्क्रिय

**बीजापुर, 26 दिसंबर।** कैम्प पालनार और चेरपाल के मध्य



डीआरजी की टीम रोड पेट्रोलिंग पर निकली थी बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा डी-माईनिंग के दौरान पालनार और चेरपाल के मध्य रोड से 05-05 किग्रा के 02 IED बरामद किया गया IED रोड के दोनो ओर Tyre Mark पर 10-15 मीटर की दूरी पर लगाये गये थे । IED प्रेशर स्वीच सिस्टम से लगाया गया था । बीडीएस बीजापुर की टीम द्वारा मौके से बरामद कर निष्क्रिय किया गया । क्षेत्र में लगातार गश्त सर्चिंग जारी है ।

## बढ़ रही हाथियों की संख्या, सुरक्षा महज औपचारिक, विभाग में अमले की कमी

**कोरबा 26 दिसम्बर।** धान कटाई का काम पूरा हो चुका है। खरीफ वर्ष 2023 में अब तक हाथियों के दल ने कटघोरा व कोरबा वन मंडल 2, 958 हेक्टेयर धान की फसल को रौंदकर नुकसान पहुंचाया है। यह आंकड़ा बीते वर्ष की तुलना में 558 हेक्टेयर अधिक है। प्रभावित किसानों को 1.23 करोड़ का मुआवजा वितरित किया जा चुका है। वन विभाग केवल मुआवजा वितरण तक सीमित है। वन मंडल क्षेत्र में पर्याप्त कर्मियों की नियुक्ति नहीं होने से हाथी- मानव द्वंद्व बढ़ता जा रहा है। पांच साल पहले लेमरू को हाथी अभयारण्य घोषित कर बजट स्वीकृत किया गया पर हाथियों के रहवास के लिए काम अब तक शुरू नहीं हो सका है।

कोरबा और कटघोरा वन मंडल के प्रभावित ग्रामीणों व हाथियों की सुरक्षा महज औपचारिक हो रहा है। विभाग में अमलों की कमी होने के कारण अधिकारी अपने दायित्व को पूरा करने में नाकाम हैं। दोनों वन मंडल के रिक्तियों पर गौर करें तो कोरबा छह व कटघोरा में सात वन परिक्षेत्र हैं। हाथी प्रभावित होने के बाद भी 13 वन परिक्षेत्र में जटगा, चैतमा, लेमरू बालकों अभी तक स्थाई रेंज अफसरों की नियुक्ति नहीं हुई। चारों वन परिक्षेत्र प्रभार पर चल रहे हैं। उससे विकट स्थिति वन रक्षकों के खाली पदों की



है। 112 स्वीकृति पदों में 48 पद खाली हैं। जिले वर्ष भर में सबसे अधिक समय हाथी पसान वन परिक्षेत्र में रहते हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसे 16 वनक्षेत्र में विभाजित किया गया है। सभी वन क्षेत्रो वन रक्षकों की नितांत आवश्यकत है। यहां सेन्हा, लोकडहा, तिलईडांड़, जलके, कर्री व अड़सरा ऐसे वन क्षेत्र हैं जहां बीते तीन साल से वन रक्षकों के पद खाली हैं। नियुक्ति के अभाव में हाथियों के दल के आवागमन के बारे में सहीं समय में सूचना नहीं मिलती। बताना होगा कि कटघोरा वन मंडल में 52 हाथियों का दल इन दिनों तीन टुकड़ियों में बंट कर विचरण कर रहे हैं। वहीं 16 हाथी कोरबा वनमंडल के गुरमा में विचरण कर रहे हैं। पूरे जिले में सर्वाधिक प्रभावित रेंज पसान, केंदई, एतमानगर व कुदमुरा हैं। केंदई के वन परिक्षेत्राधिकारी अभिषेक दुबे का कहना है फसल नुकसान में बीते वर्ष की तुलना में खास अंतर नहीं आया है। लोगों हाथी से दूरी बनाए रखने के लिए सतत जागरूक किया जा रहा है। बताना होगा कि किसानों ने धान की फसल को काटकर खलिहानों में रख लिया है। प्रभावित गांव के आसपास हाथियों के विचरण से धान मिसाई का काम बंद हो गया है। पर्याप्त अमलों की कमी से जूझ रहे हर परिक्षेत्र के अधिकारी वन कर्मी यह चाहते हैं कि हाथी पड़ोस के परिक्षेत्र की ओर चला जाए। इस फेर में वन कर्मी भी अपनी सीमा क्षेत्र में खदेड़ते रहते हैं। हाथियों के दल पर वन कर्मियों की नजर दिन के समय तक रहती है। रात को निरीक्षण के अभाव में दल एक गांव से दूसरे गांव पहुंचने की सूचना नहीं मिलती। दल में हाथियों की संख्या बढ़ने से लोग जान जोखिम में डाल खदेड़ने जाने से डर रहे हैं। लेमरू हाथी अभयारण्य, स्थापित करने की कवायद धरी की धरी रह गई। इसे वर्ष 2005 में प्रस्तावित किया गया था और वर्ष 2007 में केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

### सुशासन दिवस पर जिले के कृषकों को 52.13 करोड़ से अधिक की मिली सौगात

# किसानों के चेहरे पर आई मुस्कान

### मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन ने किसानों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर दी शुभकामनाएं



**कोरबा 26 दिसम्बर।** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों को धान बोनस दिए जाने की गारंटी को पूरा करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि का वितरण आज किया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा राजधानी रायपुर के ग्राम बेंद्री (अभनपुर) में आयोजित कार्यक्रम व वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले भर के किसानों को खरीफ विपणन वर्ष 2014-15 एवं 2015-16 के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान के लंबित बोनस राशि का भुगतान किया गया। जिले के धान बेचने वाले कुल 25 हजार 956 पंजीकृत किसानों को 300 रूपए प्रति क्विंटल के दर से 52 करोड़ 13 लाख 790 रूपये की राशि का अंतरण डीबीटी के माध्यम से किया गया। जिसमें 2014-15 के 13879 कृषकों को 27 करोड़ 51 लाख 43 हजार 500 व 2015-16 के 12077 कृषकों को 24 करोड़ 61 लाख 57 हजार 290 रूपए बोनस राशि के रूप में प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस मौके पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के किसानों से सीधा संवाद भी किया। धान बोनस वितरण समारोह में मुख्यमंत्री साय ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जय जवान जय किसान का नारा देकर किसानों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने 25 दिसंबर को छत्तीसगढ़ के निर्माता भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर सुशासन दिवस और 2 साल के धान बोनस वितरण समारोह पर किसानों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों से हमने वादा किया था कि छत्तीसगढ़ में सरकार बनते ही 2 साल का बकाया बोनस हम किसानों को देंगे। मुझे बहुत खुशी हो रही है कि आज 12 लाख से ज्यादा किसानों को 3716 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिया है। राज्य के किसानों का विश्वास छत्तीसगढ़ की सरकार और प्रधानमंत्री मोदी पर बढ़ा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमारी सरकार हर वर्ग का ध्यान रखने वाली सरकार है। उन्होंने कहा कि हमने किसानों के हित में निर्णय लिया और 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदने का वादा किया है, उसे भी हम जल्द पूरा करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार ने 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की भी व्यवस्था की है, हम किसानों से उनका पूरा धान खरीदेंगे और जरूरत पड़ने पर समय सीमा भी बढ़ाएंगे।

कृषि मण्डी कटघोरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन-

विकासखण्ड कटघोरा के कृषि मण्डी में आयोजित धान बोनस राशि वितरण के जिला स्तरीय समारोह में कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, कलेक्टर सौरभ कुमार, अपर कलेक्टर प्रदीप साहू, एसडीएम सुश्री रिचा सिंह, जिला खाद्य अधिकारी जे. के. सिंह, नोडल कॉपरेटिव्ह बैंक सुशील जोशी अन्य अधिकारी कर्मचारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ नागरिक और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे।

### तिल्दा-नेवरा में बृजमोहन अग्रवाल ने वितरित किया बोनस



**तिल्दा-नेवरा, 26 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ के कैबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने तिल्दा ब्लॉक के किसानों को साल का बोनस वितरण किया और उन्होंने बताया की 12 लाख से ज्यादा किसानों को 2 साल(2014-2015, 2015-2016) की राशि ट्रांसफर की गई है जो उन्हें नहीं मिली थी.आज का यह कार्यक्रम बीएनबी स्कूल नेवरा में आयोजित किया गया था। साथ ही आप को बता दे कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अथक प्रयास से क्षेत्र के टीबी ट्यूबरक्लोसिस ग्रसित मरीजों को मंत्री अग्रवाल के द्वारा फूड़ बास्केट वितरण किया गया। मोदी की गारंटी में आम जनता को बेहतर ढंग से स्वास्थ लाभ मिले जिसके लिए आयुष्मान कार्ड भी दिया गया। हितग्राहियों को बेहतर स्वास्थ्य लाभ दिलाने के लिए स्वास्थ्य विभाग का बीएमओ, बीपीएम ममता सुननी और अन्य उपाथित रहे।

## एक नजर

### बाड़ा में बना रहे थे महुआ शराब महिला सहित तीन गिरफ्तार

**कोरबा 26 दिसम्बर।** भलपहरी (मुक्ता) के कुछ ग्रामीणों ने घर के पीछे डबरी को घेरकर बनाए बाड़ा में कच्ची शराब बना रहे थे। जानकारी मिलने पर आबकारी विभाग की टीम ने दबिश दी, तब बाड़े के भीतर रखे 134 लीटर महुआ शराब मिला। साथ ही 720 किलो महुआ लहान को जब्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया। मामले में एक महिला समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। कलेक्टर सौरभ कुमार द्वारा अवैध शराब समेत मादक पदार्थों की बिक्री पर रोक लगाने निर्देश दिया है, इसके बाद सहायक आयुक्त आबकारी सौरभ बख्शी की अगुवाई में वृत्त प्रभारियों ने ताबड़तोड़ कार्रवाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग के उपनिरीक्षक डा सुकांत पांडेय और उनकी टीम ने कार्रवाई की। उपनिरीक्षक पांडेय को मुखबीर ने सूचना दी कि ग्राम भलपहरी के मुक्ता में कुछ ग्रामीणों ने डबरी को घेरकर बाड़ा बनाया है और उसमें अवैध शराब बनाने का कारोबार किया जा रहा है। मुखबीर की सूचना पर पांडेय ने मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, नगर सैनिक प्रजेश सिंह, कुंदन चंद्रा, पवन राजवाड़े व कृष्णा राजवाड़े के साथ दबिश दी। इस दौरान जवाहर व लक्ष्मीन से 88 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। उनसे 560 किलो महुआ लहान भी मिला, जबकि कुमार सिंह 46 लीटर महुआ शराब और 160 किलो महुआ लहान के साथ हत्थे चढ़ गया। टीम ने महुआ लहान को मौके पर ही नष्ट कर दिया। मामले में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को जेल दाखिल कराया गया है।

### पुलिसकर्मी ने युवक पर किया जानलेवा हमला, एसपी ने किया निलंबित

**बिलासपुर, 26 दिसंबर।** जिले के कोटा थाना क्षेत्र में पुलिस की बर्बरता का मामला सामने आया है। एक पुलिसकर्मी ने युवक पर जानलेवा हमला कर दिया.। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बता दें कि कोटा थाना में पदस्थ आरक्षक ने युवक पर हमला कर उसे घायल कर दिया है। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। वहीं मामले को एसपी संतोष सिंह ने गंभीरता से लेते हुए आरक्षक रवि श्रीवास को तत्काल निलंबित कर दिया है। घटना में घायल युवक का नाम कलमजीत अजमानी है।

### बंधक बनाकर दो दिन तक नाबालिग से दुष्कर्म, मरा समझकर तालाब में फेंका

**गौरेला पेंड्रा मरवाही, 26 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही जिले में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। घटना जिले के पेण्ड्रा क्षेत्र की है। यहां एक बदमाश नाबालिग को बंधक बनाकर दो दिन तक दुष्कर्म करता रहा। इसके बाद बदमाश ने अपनी मां के साथ मिलकर नाबालिग को इतना पीटा कि वह बेहोश हो गई। बेहोश नाबालिग को मरा समझकर बदमाश ने उसे तालाब में फेंक दिया। गांव वालों ने अचेत अवस्था में उसे अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज जार है। इधर इस मामले में पुलिस ने आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। वहीं उसकी सहयोगी मां फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। मामला पेण्ड्रा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि यहां पर रहने वाली एक 16 साल की नाबालिग जब अपने घर जा रही थी तभी रास्ते मे उसे गांव का ही रहने वाला युवक छोटू ओट्टी मिला। वह नाबालिग को बहलाकर अपने साथ जंगल की ओर ले गया और उससे दुष्कर्म किया। इस दौरान नाबालिग ने अपने बचाव की भरसक कोशिश की लेकिन वह नहीं माना। इतना ही नहीं इसके बाद युवक उसे जबरन अपने घर ले गया और बंधक बनाकर दो दिन तक अपनी हवस मिटाता रहा। इस काम में उसकी मां भी उसका सहयोग करती रही।

### डिवाइडर से टकराकर स्कॉर्पियो पलटी

**बिलासपुर, 26 दिसंबर।** जिले में बड़ा हादसा हुआ है. जहां स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर पलट गई. घटना में स्कोर्पियो के चालक और वाहन में सवार हुए लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. हादसे के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. घायलों को इलाज के लिए सिम्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है. बता दें कि, रिंग-2 में नर्मदा नगर चौक के पास ये भीषण हादसा हुआ है. जानकारी के अनुसार, नेहरू नगर से रिंग रोड 2 की स्कोर्पियो सवार जा रहे थे. इसी दौरान हादसा हुआ. अब तक स्कोर्पियो चालक व उसमें सवार लोगों की पहचान नहीं हो सकी है.घटना की जानकारी पर सिविल लाइन पुलिस जांच में जुट गई है.

## समाचार संक्षेप

### विकसित भारत संकल्प यात्रा से सीधे हितग्राहियों तक पहुंच रही सरकार की योजनाएं : नरेंद्र तिवारी

**छुरा, 26 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा नेता नरेंद्र तिवारी ने बताया कि केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को हितग्राहियों तक सीधे पहुंचाने के लिए आज विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से प्रदेश के विभिन्न गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रत्येक व्यक्ति को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिये वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप कार्यक्रम में बड़े स्तर पर भीड़ जमा हो रही है। जिसके अंतर्गत जिले में चिन्हित किये गये स्थानों में प्रशासनिक अमला शिविर स्थल में आए आमजन को शासन की अनेक योजनाओं से जोड़ने तथा उससे उनको लाभ दिलाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान में सम्मिलित योजनायें- आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना (ग्रामीण), पीएम उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल जल जीवन मिशन, गांवों का सर्वेक्षण और ग्रामीण क्षेत्रों में तात्कालिक प्रौद्योगिकी के साथ मानचित्रण (स्वामित्व), जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो फर्टिलाईजर इसके अतिरिक्त सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन, एकलव्य आवासीय विध्यालय में पंजीयन, स्कॉलरशीप योजना, वन अधिकार पट्टा-व्यक्तिगत एवं सामूहिक, वन धन विकास केन्द्र शामिल है।स्वास्थ्य मेला में ग्रामीण करा रहे जांच विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में ग्रामीण जनता स्वास्थ्य मेला का बहुत ज्यादा लाभ उठा रही है। जहां-जहां भी स्वास्थ्य शिविर का मेला लग रहा है। वहां पर स्वास्थ्य विभाग का पूरा अमला जांच दल के साथ लगा रहता है। योजनाओं से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) तथा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के हितग्राही बड़ी संख्या में पहुंच रहे है!



### भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती पर मनाया गया सुशासन दिवस

**कोरबा 26 दिसम्बर।** भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर जिला पंचायत अध्यक्ष शिवकला कंवर ने सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप की उपस्थिति में जिला पंचायत के सभागार में बाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बाजपेयी की आकांक्षा अनुरूप शासन की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक पहुंचाएं। सीईओ विश्वदीप ने पूर्व प्रधानमंत्री बाजपेयी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की संकल्पना के अनुसार सुशासन दिवस पर विकसित भारत का संकल्प सभी अधिकारी कर्मचारियों को दिलाया। उन्होंने कहा कि सुशासन लाने के लिए जिले में हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। सीईओ ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के तहत बहुत से ग्रामीणों को पक्के आवासों का निर्माण करके लाभान्वित किया गया है। इस योजना से आगामी एक वर्ष में प्रतीक्षा सूची एवं आवास प्लस के तहत जिले में करीब 65 हजार ग्रामीणों के पक्के आवास बनाए जाएंगे। ग्रामीण आवासों के निर्माण के लिए हितग्राहियों को शेष किश्तें भी जारी की जाएंगी। जिसमें विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए सड़क, बिजली, पानी, आंगनबाड़ी स्कूल आदि विषयों को प्राथमिकता से शामिल किया जाएगा। श्री विश्वदीप ने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत मोची, बढ़ई, लोहार, धोबी आदि वर्गों के परंपरागत व्यवसायों के विकास के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाएगा। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान ग्रामों में लगाए जा रहे शिविरों के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि आधार कार्ड अपडेशन, उज्जवला योजना, स्वास्थ्य शिविर, पीएम आवास योजना ग्रामीण, मुद्रा लोन आदि योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी अमिता साहू, इंदिरा भगत सहित जिला पंचायत के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## म्यूजिक ग्रुप ने दी 90 के गानों की प्रस्तुति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 26 दिसम्बर।** छुरा नगर के संगीत-प्रेमियों द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला संगीतमय आयोजन रविवार को डॉ गुप्ता फार्म हाउस छुरा में संपन्न हुआ।इस वर्ष का थीम 90 के दशक के गीतों पर आधारित था। जिसमें 90 के दशक के सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति ग्रुप के कलाकारों के द्वारा दिया गया। सर्वप्रथम समस्त सदस्यों ने राज्यगीत अरपा पैरी के धार को सामूहिक रूप से गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात लगातार देर शाम तक संगीतमय प्रस्तुति होती रही।इस आयोजन में रायपुर, दुर्ग, फिंगेश्वर, अभनपुर, नवापारा, राजिम, गरियाबंद और छुरा के कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी।कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू÷समय÷और रीझे यादव ने किया।इस कार्यक्रम में डॉ आनंद गुप्ता, रामकरण त्रिवेदी, संजय महाडिक, हरीश ठक्कर, विकास पारख, राकेश दास, सुबोध फ्रेंकलिन, चेतना जैन, उत्तम पवार, क्रांति साहू, धनंजय हरित, अमिताभ जैन, लक्की मेमन, देवेंद्र सिन्हा, तरुण वर्मा, इमरान अली, चितरंजन चंद्राकर, मोहिनी गोस्वामी, श्यामा नेताम, पंकज गुप्ता, सलीम मेमन, नेमीचंद यादव, हुमन सिन्हा, पुखराज ठाकुर, नारायण साहू, ऋषि साहू, विमल पुरोहित, एल पी साहू, रुपेश शर्मा, मंगलमूर्ति सोनी, विनोद देवांगन, हेमंत विश्वकर्मा, दीपक दीवान, दिनेश मरकाम और अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। विदित हो कि यह ग्रुप अपने संगीतमय और सामाजिक आयोजन के लिए जिले में विख्यात है।

### हाउसिंग बोर्ड कालोनी के मकान में लगी आग

**कोरबा 26 दिसम्बर।** हाउसिंग बोर्ड कालोनी में स्थित तीसरी मंजिल के एक मकान में आग लग गई। आग लगने से फ्रीज में ब्लास्ट हो गया। घर में सो रहे युवक ने किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। मौके पर कालोनी वासियों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। दमकल कर्मियों के आने से पहले कालोनी के लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की। बाद में स्थल पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। स्टेट बैंक आफइंडिया में चपरासी के पद पर कार्यरत मनोज कुमार देवांगन हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहते है। रात में खाना खाकर सो गया और दूसरे दिन सुबह चार बजे घर में धुआं उठता देखा। अपने कमरे से बाहर निकल शोर मचाया। इस बीच आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया, इससे फ्रीज में ब्लास्ट हो गया। आवाज सुनकर कालोनी में हड़कंप मच गया।

### छुरा में मनाया गया सुशासन दिवस

## पूरे देश में सर्वमान्य नेता थे अटल बिहारी बाजपेयी : खोमन चन्द्राकर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**छुरा, 26 दिसम्बर।** भारत रत्न, पद्म विभूषण से सम्मानित पूर्व प्रधानमंत्री राष्ट्रकवि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। नगर पंचायत छुरा के तत्वाधान में नया बस स्टैंड परिसर, अटल चौक में जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में भव्य आयोजन किया गया। सुशासन दिवस कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर, उपाध्यक्ष रिंकू सचदेव, वरिष्ठ पार्षद अब्दुल समीम खान रिजवी, सभापति ऋतुराज शाह, थानसिंग निषाद, सांसद प्रतिनिधि हेमंत कंसारी, पार्षद हरीश यादव, पंचराम टंडन, मातृशक्ति के रूप में उपस्थित पार्षद भारती सोनी, चित्ररेखा ध्रुव, मंडल महामंत्री रामलाल कुलदीप, तुलसी राम साहू, शंकर सेन अतिथि के रूप में विराजमान थे।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जी के छायाचित्र पर तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। बच्चों ने अपने प्रिय पूर्व प्रधानमंत्री को मानव श्रृंखला बनाकर नमन किया। समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष खोमन चंद्राकर ने कहा कि अटल जी सर्वमान्य नेता थे। जब वे बोलते थे तो पूरा देश उनके एक-एक शब्द को गंभीरता से सुनते थे। हरिकोटा में परमाणु परीक्षण कर भारत को परमाणवीय शक्ति से लबरेज किया। पूरे विश्व के सामने भारत ने समग्रता, विशालता, परमाणु शक्ति का परचम लहराया। गांव से गांव को जोड़ने की योजना से सशक्त ग्राम से सशक्त राष्ट्र की बुनियाद रखी।उपस्थित अतिथियों ने भी प्रखर वक्ता श्रेष्ठ कवि, डि लिट, श्रेष्ठ सांसद पुरस्कार, पद्म विभूषण, भारत रत्न जैसे अनेक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित शांतिप्रिय, अनुशासनशील अंतर्राष्ट्रीय जननायक को याद कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया। सभापति ऋतुराज शाह ने सुशासन दिवस पर जनसमूह को शपथ दिलाया। सायंकालीन बेला में अटल जी की यादें पर विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। संचालन करते हुए शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा ने पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन की अनछुए पहलुओं को पटल पर रखा। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र संघ में वाजपेई जी के द्वारा हिंदी में दिए गए अभिभाषण को भी याद किया।आभार प्रदर्शन नोडल अधिकारी श्याम सुंदर पटनायक द्वारा किया गया।कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार मेषनंदन पांडे, इमरान मेमन, वरिष्ठ नागरिकगण, पुलिस महकमे से सुरेश निषाद, नगर पंचायत से कार्यक्रम प्रभारी जितेंद्र पाटकर, कैशियर वीरेंद्र सिंह ठाकुर, मिथलेश सिन्हा, रामाधार यादव, नरेश ध्रुव, कृष्ण कुमार वैष्णव, दानेश्वर, धनेश्वर नाग, रमेश, रजत ध्रुव, परमेश्वर, मेघराज एवं विद्यालयीन छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।


**NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

It is hereby notified that **M/S. KACHRULAL JITENDRA KUMAR PARBOILING PLANT NEORA** Registration No. 546 dated 1993-94 undergone the following changes.

1. Shri Kachru Lal Agrawal ceased to be in partnership due to death with effect from 22.09.2023.
2. Shri Sachin Kumar Agrawal has joined in partnership with effect from 01.11.2023.
3. Shri Rishabh Agrawal has joined in partnership with effect from 01.11.2023.

For, Kachrulal Jitendra Kumar Parboiling Plant, Neora

Shri Narendra Kumar Agrawal
PARTNER

**NOTICE U/S 72 OF INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932**

It is hereby notified that **M/S. SATYANARAYAN NATHOOLAL, NEORA** Registration No. **1671/1965-66** undergone the following changes.

1. Smt. Sarita Bai Agrawal has retired from Partnership with effect from 30.09.2021.
2. Shri Neeraj Kumar Agrawal has retired from Partnership with effect from 30.09.2021.
3. Shri Gautam Agrawal has joined in Partnership with effect from 01.10.2021.
4. Shri Chaitanya Agrawal has joined in Partnership with effect from 01.10.2021.

For, Satyanarayan Nathoolal, Neora

Shri Lalit Kumar Agrawal
(Partner)

## एक नजर

### युवक पर धारदार हथियार से हमला

**रायपुर, 26 दिसंबर।** रामसागरपारा में दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी चंदू साहू 25 वर्ष भोईपारा आजाद चौक का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी रामसागरपारा के तरफ गया था। तभी आरोपी प्रितम साहू व सलमान प्रार्थी के पास आया और प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### मोबाइल छीनकर भाग रहा युवक पकड़ाया

**रायपुर, 26 दिसंबर।** गुरूनानक चौक स्थित निवेदिता स्कूल के पास बाइक सवार तीन युवक एक युवती के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग रहे थे। तभी गिर जाने से एक युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मामले में गंज पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया देवकी साहू 18 वर्ष अपनी सहेली के साथ पैदल घर जा रही थी, तभी गुरूनानक चौक स्थित निवेदिता स्कूल के पास बाइक सवार तीन युवक पीछे से आए और प्रार्थिया के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगे। तभी मोबाइल पकड़े युवक नीचे गिर गया। जिससे आसपास के लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी सौरव श्रीवास्तव 20 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 26 दिसंबर।** रजबंधा मैदान के पास मौदहापारा पुलिस ने गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी शेख इस्लाम 18 वर्ष को पकड़कर उसकी पैंट की तलाश ली, तो उसके पास से 100 ग्राम गांजा और नकदी 560 रुपए मिला। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### अटल के कार्यों की सराहना करते नहीं थकते थे विरोधी पक्ष: मुख्यमंत्री

**रायपुर, 26 दिसंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मुझे अटल जी के नेतृत्व में कार्य करने का मौका मिला। श्रद्धेय अटल जी का व्यक्तित्व ऐसा था कि विरोधी पक्ष भी उनके कार्यों की सराहना करते नहीं थकते थे। अटल जी के सुशासन के मंत्र को लेकर ही हम छत्तीसगढ़ के विकास के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री श्री साय पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित काव्यांजलि एवं संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री साय ने छत्तीसगढ़ महतारी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर पुष्पार्पित कर किया। इस मौके पर मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी, सांसद श्री सुनील सोनी, विधायक अनुज शर्मा, गुरु खुशवंत साहेब, श्री मोतीलाल साहू उपस्थित थे। मुख्यमंत्री सहित अतिथियों ने इस मौके पर प्रबुद्ध कवियों की काव्यपाठ का श्रवण किया।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुशासन दिवस की बधाई देते हुए कहा कि देश में लगभग 06 लाख गांव है और अटल जी के नेतृत्व में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से गांवों में सड़कों का ऐसा जाल बिछा की, लोग अनायास ही उन्हें याद करते है। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से देशभर के गांवों को सड़कों से जोड़ा गया जो देश के विकास में मील का पत्थर साबित हुई और इसने ग्रामीण अधोसंरचना की तस्वीर बदल कर रख दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल जी ने देश के किसानों के दर्द को समझते थे, उन्होंने किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड देने का काम किया। जिसके जरिए आज भी किसान बिना चिंता के खेती-किसानी कर विकास के राह में आगे बढ़ रहे हैं। किसान क्रेडिट कार्ड किसानों के उन्नति के लिए वरदान साबित हो रहा है। उन्होंने श्रद्धेय अटल जी के जन्मदिन सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में नालंदा परिसर पर अटल जी के सम्पूर्ण जीवन यात्रा तथा शासन की योजनाओं पर आधारित छाया-प्रदर्शनी को देखने लोगों से अपील की।

केबिनेट मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था और उन्हीं के सपनों को साकार करने एवं सुशासित छत्तीसगढ़ बनाने के लिए हम संकल्पित हैं। उन्होंने अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल और उनके कविताओं के बारे में भी अपना विचार साझा किया।

### निधन

### जानकी शुक्ला



**रायपुर।** अत्यंत दुख के साथ सूचित कर रहे हैं की श्रीमती जानकी शुक्ला धर्मपत्नी स्व श्री डॉ परशराम शुक्ला नवागांव ( नवा रायपुर) का आकस्मिक निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा ब्राम्हण पारा के निवास स्थल से मारवाड़ी मुक्तिधाम के लिए आ 4.00बजे निकलेगी। नागेश शुक्ला (डग्गा), नवीन शुक्ला,नीतीश शुक्ला की माता थी।

# शिक्षा विभाग में पदोन्नति पदस्थापना पर फंसा पेंच

## सैकड़ों शिक्षक नियमित वेतन नहीं मिलने से परेशान

- जिला शिक्षा अधिकारी शासन के नए आदेश का कर रहे इंतजार

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 26 दिसम्बर।** शिक्षा विभाग में शिक्षकों के पदोन्नति एवं पदस्थापना पर नया पेंच लगता जा रहा है। शिक्षा विभाग में प्रमुख सचिव के पद से डॉ. आलोक शुक्ला ने त्याग पत्र दे दिया है जिसके कारण अब पदस्थापना गड़बड़ी की जांच को लेकर अनेक बाधाएं आ रही है।

मिली जानकारी के अनुसार भूपेश सरकार के कार्यकाल में तडॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम के शिक्षा मंत्री के रहते ने व्याख्याताओं, शिक्षकों तथा एलबी-1, 2 व 3 की पदस्थापना को लेकर काफी गड़बड़ियां की थी। इस संबंध में विधायकों तथा मंत्रियों की अनेक शिकायतें आई थी। सहायक शिक्षकों के स्थानांतरण को लेकर कोर्ट के आदेश का इंतजार किया जा रहा था लेकिन राजनीतिक दबाव में यह आदेश भी जारी कर दिया गया। इसके बाद तत्कालीन शिक्षा मंत्री को पद से इस्तीफा देना पड़ा था। नए शिक्षा मंत्री के पद पर रविन्द्र चौबे आए। उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री के आदेश को पलट दिया था। इससे सैकड़ों शिक्षक प्रभावित हुए। इस बीच विधानसभा चुनाव की घोषणा कर दी गई जिसके कारण स्थानांतरित शिक्षक अपनी नए स्थान पर ज्वाइनिंग नहीं दे पाए जिसके कारण उन्हें तीन से चार महीने का वेतन नहीं मिल पाया। इन शिक्षकों ने कोर्ट में भी गुहार लगाई है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है इस संबंध में विभाग का कोई ताजा आदेश नहीं प्राप्त हुआ है। रायपुर जिले के अलावा बिलासपुर जिले में सबसे ज्यादा स्थानांतरण हुए हैं। स्थानांतरित शिक्षकों ने नए स्थान पर पद ग्रहण करने की अनुमति मांगी है लेकिन जिला शिक्षा अधिकारी इसकी अनुमति नहीं प्रदान कर रहे हैं। नई सरकार बनने के बाद विभागों का बंटावारा नहीं किया गया है जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। शिक्षा विभाग में अभी जिला शिक्षा अधिकारी कोई सुनवाई नहीं कर रहे हैं। पिछली सरकार में सिर्फ मुख्यमंत्री सचिवालय का ही हस्तक्षेप होता था जिसके कारण कहीं से भी कोई आदेश जारी नहीं हो पाता था। पदस्थापना एवं पदोन्नति को लेकर भर्राशाही मची हुई थी।

### नीति निर्देशों का पालन नहीं

राज्य शासन द्वारा स्थानांतरण को लेकर कई नियम बनाए गए थे लेकिन तत्कालीन शिक्षा मंत्री के निजी स्टाफ द्वारा इतना हस्तक्षेप किया गया कि सिर्फ मंत्री स्टाफ से जो सूची आती थी उसका ही आदेश किया जाता था। इसको लेकर सभी वर्गों में रोष था। विभाग के चर्चित जिला शिक्षा अधिकारी बंजारा की भूमिका इस पूरे प्रकरण में संदिग्ध हैं। इसके अलावा प्रमुख शिक्षा सचिव की भी भूमिका काफी आपत्तिजनक रही है इसलिए वे सरकार बदलते ही इस्तीफा देकर चले गए हैं। सरकार यदि जांच का आदेश देगी भी तो किसके विरूद्ध कार्रवाई होगी इसको लेकर संशय है।



रायपुर 26 दिसंबर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज यहाँ राज्य अतिथि गृह पहुना में छत्तीसगढ़ रामनामी रामराम भजन संस्था के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को सक्ती जिले के जैजैपुर नगर पंचायत में आयोजित रामराम बड़े भजन मेला में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया।

### मुख्य सचिव ने अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक ली

**रायपुर, 26 दिसम्बर।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2024 गरिमापूर्ण मनाने और इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की पूर्व तैयारियों के लिए आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने राज्य शासन के विभिन्न विभागों के उच्च स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। वीडियो कॉन्फ्रेंस से आयोजित इस बैठक में डी.जी.पी. श्री अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू और श्रीमती रेणु जी पिल्ले शामिल हुई। मुख्य सचिव ने गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के आयोजन के संबंध में तमाम व्यवस्था और तैयारियों के लिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए है। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पुलिस ग्राउंड रायपुर में प्रातः 9 बजे से आयोजित होगा। आयोजन की तैयारियों के लिए अधिकारियों को सभी जरूरी व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक सभी दिशा-निर्देश दिए गए है। बैठक में मंच, पंडाल व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, माननीय राज्यपाल और मुख्यमंत्री जी के संदेश सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम यातायात, सुरक्षा, साफ-सफाई सहित अन्य तमाम व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

## नालंदा परिसर में सुविधाओं के विस्तार की घोषणा

**ररायपुर, 26 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने विद्यार्थियों के हित में आज एक बड़ी घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि राजधानी रायपुर में नालंदा परिसर की तर्ज पर एक और नालंदा परिसर का निर्माण किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री साय ने युवाओं की मांग पर यह घोषणा आज सुशासन दिवस पर नालंदा परिसर में आयोजित छाया-चित्र प्रदर्शनी के शुभारंभ के दौरान की। यह प्रदर्शनी भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर आधारित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी रायपुर में नये नालंदा परिसर के निर्माण के साथ-साथ वर्तमान में संचालित नालंदा परिसर की सुविधाओं में भी बढ़ोतरी की जाएगी। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से पीएससी, यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को बड़ा लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने इस दौरान नालंदा परिसर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं से बातचीत भी की। उल्लेखनीय है कि नालंदा परिसर में वर्तमान में ढाई हजार पाठकों के बैठने की सर्वसुविधा युक्त व्यवस्था है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए यह लायब्रेरी मददगार साबित हो रही है। यह लायब्रेरी 24 घंटे संचालित हो रही है। मुख्यमंत्री ने लायब्रेरी में विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री ओपी चौधरी एवं विधायक आरंग श्री खुशवंत साहेब भी उपस्थित थे। गौरतलब है कि मंत्री श्री ओपी चौधरी जब रायपुर के कलेक्टर थे तब उनकी पहल पर नालंदा परिसर का निर्माण कराया गया है।

## पंचायतों के माध्यम से धान का नकद भुगतान करने बनेगी नई नीति

- खाद्य विभाग जारी करेगा नया दिशा-निर्देश

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 26 दिसम्बर।** राज्य शासन के नए बजट 2024-25 में धान खरीदी के लिए नई नीति बनाई जाएगी जिसमें पंचायतों के माध्यम से भुगतान करने के नए दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। आदिवासी संभाग बस्तर तथा सरगुजा के लिए विशेष रूप से आदेश जारी होंगे।

खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार धान खरीदी चल रही है। अभी तक 50 लाख क्विंटल धान खरीदा जा चुका है। 13 हजार करोड़ का भुगतान हो चुका है। वर्तमान में 22 लाख से अधिक किसानों को पांच सहकारी बैंकों के माध्यम से भुगतान किया जा रहा है। आरटीजीएस के माध्यम से यह भुगतान किया जा रहा है जो कि आधुनिक तकनीक है। नई सरकार ने पंचायतों के माध्यम से धान खरीदी का भुगतान करने की घोषणा की है। अपेक्स बैंक के अधिकारियों के अनुसार खाद्य विभाग द्वारा नया दिशा-निर्देश दिया जाएगा तभी कोई जानकारी दी जा सकेगी। विभाग के अधिकारियों का कहना है कि पंचायतों के माध्यम से नकद भुगतान करना बहुत कठिन काम है। यह अपने आप में काफी चुनौतीपूर्ण होगा। इसके लिए नए बजट में प्रावधान किया जा सकता है। वर्तमान में वर्ष 2015-16 के बोनस का भुगतान कर दिया गया है। यह किसानों के खाते में पहुंच गया है।

भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में वादा किया था कि वे किसानों को नकद भुगतान करेंगे। इसके लिए अब अधिकारियों को नए सिरे से मंथन करना होगा। नई नीति का इंतजार किया जा रहा है। वर्तमान में धान खरीदी 31 जनवरी तक होगी। सरकार चाहे तो इसके समय में वृद्धि कर सकती है। सरकार द्वारा 1.30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। 22 लाख से अधिक किसानों को 25 हजार करोड़ का भुगतान किया जाएगा। राज्य शासन में मार्कफेड को नोडल एजेंसी बनाया है। सहकारिता और खाद्य विभाग मिलकर यह काम करते हैं।

## झुला-झुलाकर चार किश्तों में किसानों को पैसा दिया तब ब्याज याद नहीं आया

**रायपुर 26 दिसंबर।** किसानों को बोनस पर ब्याज नहीं देने और एक साल का बोनस देने वाले कांग्रेस के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है. प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि जब कांग्रेस ने सरकार बनाई तब कहा था कि किसानों का पैसा देंगे, लेकिन उन्हें झुला-झुलाकर चार किश्तों में दिया. उस समय उन्हें ब्याज का ख्याल नहीं आया. गंगाजल छूकर कसम खाई थी कि 2 साल का बोनस देंगे.कांग्रेस को इस विषय पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है. भाजपा प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि दो साल का बोनस आ रहा है. साल 2014-15 और 2015-16 का बोनस आया है. 2016-17 और 2017-18 का एकमुश्त बोनस हमारी सरकार ने दे दी थी. 60 लाख टन का बोनस किसानों को मिल रहा है. 13 लाख 30 हजार किसानों के खाते में पैसे जा रहे. सुशासन दिवस पर दो साल का बकाया बोनस दिए जाने को लेकर भाजपा प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी गारंटी के तहत 2 साल का बकाया बोनस 3700 करोड रुपए जारी किए. पूरे प्रदेश के किसानों में हर्ष है. दूसरी गारंटी 21 क्विंटल प्रति एकड़ में धान खरीदी शुरू हो गई है.उन्होंने कहा कि मोदी जी देश ही नहीं दुनिया के आशा के केंद्र हैं. जनता ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया, प्रचंड बहुमत से बीजेपी को जीत दिलाई।

## राष्ट्रीय किसान दिवस: भारत में कृषि अधोसंरचना की मजबूती के लिए वेदांता एल्यूमिनियम कटिबद्ध

**रायपुर 26 दिसंबर।** भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्यूमिनियम ने राष्ट्रीय किसान दिवस पर देश के ग्रामीण समुदायों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति के लिए व्यापक मार्गों की रचना की दिशा में अपना संकल्प दोहराया है। कंपनी अनेक योजनाओं के जरिए कृषि समुदाय के साथ सक्रियता से जुड़ी है। ये योजनाएं किसानों के लिए गरिमा के साथ आजीविका सुनिश्चित करती हैं, कृषि की तकनीकों पर ज्ञान वृद्धि करती हैं, सतत कृषि विधियों को बढ़ावा देती हैं और चक्रीय अर्थव्यवस्था का निर्माण करती हैं। वेदांता एल्यूमिनियम के योगदान से अब तक 10,000 से अधिक किसानों को लाभ हुआ है। कृषि योजनाएं ओडिशा और छत्तीसगढ़ में ग्रामीण समुदायों में सकारात्मक परिवर्तन लाने में उत्प्रेरक का काम कर रही हैं। राष्ट्र की समग्र प्रगति में किसानों की केन्द्रीय भूमिका के मद्देनजर कंपनी कृषि समुदाय के सदस्यों के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं में इज़ाफा कर रही है। इसके लिए ज़मीनी स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। झारसुगुडा, ओडिशा में जीविका समृद्धि कार्यक्रम तथा कोरबा, छत्तीसगढ़ में मोर जल मोर माटी परियोजना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा वेदांता एल्यूमिनियम ने बायोडीज़ल के ट्रायल रन भी संचालित किए हैं जिनसे किसानों को अतिरिक्त आमदनी में मदद मिलेगी क्योंकि यह आम तौर पर फसलों के अवशेष आदि जैविक पदार्थों से निकाला जाता है। इन पहलों को विचारपूर्वक संयुक्त राष्ट्र सतत लक्ष्यों गरीबी की समाप्ति



(एसडीजी 1), उचित कार्य एवं आर्थिक वृद्धि (एसडीजी 8), उद्योग-नवाचार-आधारभूत संरचना (एसडीजी 9) तथा क्लाइमेट एक्शन (एसडीजी 13) के अनुसार तैयार किया गया है । जीविक समृद्धि कार्यक्रम झारसुगुडा, ओडिशा में वेदांता एल्यूमिनियम के मेगा एल्यूमिनियम प्रचालन के आसपास लागू किया गया है। छोटे किसानों के लिए कृषि के ज्यादा कुशल तरीके प्रस्तुत करना इसका लक्ष्य है। इस परियोजना का तीसरा चरण हाल ही में प्रारंभ किया गया जिससे लगभग 1000 कृषक परिवार लाभान्वित हुए। इसके तहत जलवायु संवेदी तरीकों को प्रोत्साहित कर एकीकृत जैविक कृषि विधियों से पैदावार में बढ़ोतरी की गई। कोरबा, छत्तीसगढ़ स्थित भारत की प्रतिष्ठित एल्यूमिनियम उत्पादक बालको ने 'मोर जल मोर माटी' परियोजना लागू की है।

### आसमान साफ तापमान गिरा

**रायपुर, 26 दिसंबर।** पश्चिमी विक्षोभ के गुजरने के बाद आसमान के साफ होने से एक बार फिर ठंड की वापसी के आसार हैं। अभी हवा की दिशा पूर्वी है, जिसकी वजह से तापमान में अधिक गिरावट नहीं होगी और ठंड का असर बहुत अधिक होने के आसार नहीं हैं। बादल साफ होने की वजह से रविवार की सूबह काफी देर तक धूंध का असर रहा। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव राज्य में न्यूनतम तापमान दो डिग्री तक चढ़ गया. था, वहीं रायपुर का पारा भी 14 डिग्री के करीब पहुंच गया था। विक्षोभ का असर रविवार को समाप्त हों गया, जिसकी वजह से आसमान खुलने से तापमान में अब गिरावट के आसार हैं।

### हसदेव बचाओ आंदोलन के समर्थन में रायपुर में बनी मानव श्रृंखला

## जल, जंगल,जमीन को बचाने हर लड़ाई को हमारा समर्थन: विकास

**रायपुर 26 दिसंबर।** राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आज एक विज्ञप्ति जारी करते हुए वर्तमान की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया है कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनते ही जल जंगल जमीन खतरे में पड़ गए हैं, झूठे वादों के आधार पर बनी भाजपा सरकार ने अपने हीड़न एजेंडा पर काम शुरू कर दिया है जिसका पहला उदाहरण हमें हसदेव जंगल में देखने को मिल रहा है जंगल की हो रही बेतहाशा कटाई की तस्वीर लगातार सामने आ रही है, इस जंगल को बचाने की पिछली कांग्रेस सरकार ने हर संभव मदद की लेकिन सरकार जाते ही भाजपा का कुचक्र शुरू हो गया और हिडन एजेंडा के तहत हसदेव जंगल की बलि चढ़ाई जा रही है।



विकास उपाध्याय ने बताया कि हसदेवा बचाने के हर मुहिम का समर्थन करने की बात कहते हुए हसदेव बचाने की लड़ाई शुरू करने का ऐलान किया है इसी कड़ी में पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने अपने समर्थकों के साथ संविधान चौक बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति के पास हसदेव बचाने की मुहिम में आम लोगों से जुड़ने की अपील की, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय अपने समर्थकों के साथ यहां करीब 2 घंटे मानव श्रृंखला बनाकर खड़े रहे, मानव श्रृंखला में खड़े कार्यकर्ता अपने हाथों में हसदेव बचाओ मुहिम के बैनर पोस्टर रखे हुए थे, मानव श्रृंखला के जरिए लोगों के सामने यह भी प्रस्तुत किया गया कि हसदेव जंगल को कैसे नियमों को ताक पर रखकर काटा जा रहा है। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने उन आरोपो का भी खंडन किया है कि पिछली सरकार ने हसदेव जंगल को बचाने के लिए कड़े नियम बनाए थे, साथ ही जंगल के साथ-साथ जंगल में रहने वाले जीव जंतुओं को बचाने के लिए उसे पूरे इलाके को नो गो एरिया घोषित किया था, एलिफेंट कॉरिडोर का दायरा भी इसी वजह से बढ़ाया गया था, विकास उपाध्याय ने आगे कहा है कि वर्तमान की सरकार ने अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए जंगल की कटाई पर लगी रोग को खोल दिया है बिना किसी अधिकृत स्वीकृति के जंगलों की बेतहाशा कटाई की जा रही है इसका कांग्रेस हर स्तर पर विरोध करेगी, इसके साथ-साथ हसदेव बचाने के हर आंदोलन में सहभागी होने की बात भी विकास उपाध्याय ने कही है।

## पांच दिनों बाद भी मंत्रियों में विभागों का बंटवारा नहीं

**मुख्य नगर संवाददाता**

**रायपुर, 26 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपने मंत्रिमण्डल का विस्तार कर दिया है लेकिन विभागों का बंटवारा नहीं हो पाया है। इसको लेकर अब आम लोगों तथा राजनीतिक क्षेत्रों में तरह-तरह की चर्चा व्याप्त है।

भाजपा के सत्ता में आने के बाद विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बनाया गया। उनके साथ उपमुख्यमंत्री के रूप में विजय शर्मा व अरुण साव ने शपथ ली। दिल्ली से लौटने के बाद मंत्रिपरिषद के नए सदस्यों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई लेकिन अभी तक विभागों का बंटवारा नहीं किया गया है इसको लेकर अधिकारी तथा राजनीतिक कार्यकर्ता एवं आम लोग परेशान हैं। वैसे मंत्रियों को मंत्रालय में कमरे आबंटित कर दिए गए हैं। चूंकि विभाग नहीं मिला है इसलिए वे अपना विशेष व निज सहायक नियुक्त नहीं कर पा रहे हैं। मंत्रियों को सुरक्षा व्यवस्था के तहत पीएसओ भी दिए जाते हैं लेकिन विशेष सहायक कार्य करने में अपनी विशेष भूमिका निभाते हैं।

राजधानी में विभिन्न संचार माध्यमों से अलग-अलग जानकारी दी जाती है जो कि अधिकृत नहीं होती। इसको लेकर ही लोग आपस में विवाद करते रहते हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री सचिवालय का सेटअप तैयार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री का विशेषाधिकार होता है कि वह किस मंत्री को कौन सा विभाग दें। इसके लिए राजपत्र में अधिसूचना जारी की जाएगी। इसके बाद मंत्री अपने विभागों के कार्यों का संपादन करने लगेंगे। वरिष्ठ आदिवासी मंत्री रामविचार नेताम जो कि विष्णुदेव साय के नजदीकी हैं उन्हें महत्वपूर्ण विभाग दिए जाने की चर्चा है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23